website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

R.N.I. No. RAJHIN/2012/48736

# दैनिक रॉयल पत्रिका

वर्ष : 14 | अंक : 115 | पेज: 8 | जयपुर, रविवार, 05 अप्रैल 2026 | मूल्य: 1.50 रुपये

## संक्षिप्त समाचार

### रेलवे में यात्रियों की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता- अश्विनी वैष्णव

नई दिल्ली । केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर साफ किया कि गरीब और मध्यम वर्ग के यात्रियों को बेहतर और आरामदायक



सफर देना भारतीय रेल की सबसे बड़ी प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों से सामूहिक प्रयासों के जरिए यात्री अनुभव को और बेहतर बनाने का आह्वान किया। मंत्री ने कहा कि रेलवे स्टेशन देश की छवि को दर्शाते हैं, इसलिए स्वच्छता और सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान देना जरूरी है। उन्होंने पिछले वर्ष दुर्घटनाओं में आई ऐतिहासिक कमी और रिकॉर्ड माल ढुलाई के लिए रेलवे कर्मचारियों की सराहना की। साथ ही त्योहारों के दौरान चलाई गई विशेष ट्रेनों को सफल बताते हुए पीक सीजन में बेहतर भीड़ प्रबंधन और सुगम बोर्डिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। रेलवे के आधुनिकीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में मिले रिकॉर्ड बजट का सही उपयोग कर स्टेशनों का उन्नयन और यात्री सुविधाओं में सुधार किया जाए। भूमि अधिग्रहण से जुड़े मामलों को भी तेजी से निपटाने के निर्देश दिए गए। अतिक्रमण के मुद्दे पर मंत्री ने मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की बात कही और राज्य सरकारों के साथ समन्वय कर प्रभावित लोगों की आजीविका का ध्यान रखने पर जोर दिया। एक अहम फैसले में, जहां संभव हो वहां फुट ओवरब्रिज के बजाय अंडरपास को प्राथमिकता देने की बात कही गई, ताकि पैदल यात्रियों के साथ अन्य वाहनों को भी सुविधा मिल सके। अंत में, उन्होंने 85% से अधिक समयपालन बनाए रखने वाले रेलवे जोनों की सराहना करते हुए सुरक्षा, सेवा गुणवत्ता और बुनियादी ढांचे में निरंतर सुधार पर बल दिया।

### पश्चिम बंगाल चुनाव: 4,660 सहायक पोलिंग स्टेशन को मंजूरी, मतदान होगा आसान

नई दिल्ली । पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनावों को देखते हुए चुनाव आयोग ने मतदाताओं की सुविधा बढ़ाने के लिए अहम फैसला लिया है। आयोग ने राज्य में 4,660 सहायक पोलिंग स्टेशनों की स्थापना को मंजूरी दी है। ये अतिरिक्त मतदान केंद्र उन स्थानों पर बनाए जाएंगे, जहां किसी एक पोलिंग स्टेशन पर मतदाताओं की संख्या 1,200 से अधिक है। इस कदम का उद्देश्य भीड़ को




कम करना और मतदान प्रक्रिया को अधिक सुगम बनाना है। इस निर्णय के साथ ही 321 मौजूदा मतदान केंद्रों को स्थानांतरित करने की अनुमति भी दी गई है। सहायक केंद्रों को शामिल करने के बाद अब पश्चिम बंगाल में कुल मतदान केंद्रों की संख्या बढ़कर 85,379 हो गई है। आयोग ने निर्देश दिया है कि नए केंद्र स्थापित करते समय 'मतदान केंद्रों पर नियमावली, 2020' के दिशा-निर्देशों का सख्ती से पालन किया जाए। साथ ही जिन मतदान केंद्रों का स्थान बदला जा रहा है, वहां के प्रत्येक मतदाता को व्यक्तिगत रूप से सूचना देना अनिवार्य होगा। आयोग ने यह भी कहा है कि सभी नए केंद्रों और बदलावों की जानकारी व्यापक स्तर पर प्रचारित की जाए और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी लिखित रूप में सूचित किया जाए। आयोग ने पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने पर जोर दिया है, ताकि चुनाव निष्पक्ष और सुचारू ढंग से संपन्न हो सकें। इस फैसले से मतदाताओं को लंबी कतारों से राहत मिलेगी और अधिक लोग आसानी से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। पश्चिम बंगाल में चुनाव दो चरणों में होंगे—पहला चरण 23 अप्रैल को 152 सीटों पर और दूसरा चरण 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान के साथ संपन्न होगा, जबकि नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।

## केरल में NDA सरकार का दावा, 4 मई को सत्ता परिवर्तन का भरोसा: पीएम मोदी

*नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केरल के तिरुवल्ला में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए बड़ा दावा किया कि 9 अप्रैल को होने वाले मतदान के बाद 4 मई को भाजपा-एनडीए गठबंधन राज्य में सरकार बनाएगा। उन्होंने अपने संबोधन की शुरुआत "जय केरलम, जय विकासिता केरलम" के नारे के साथ करते हुए कहा कि इस बार राज्य में बदलाव का माहौल साफ नजर आ रहा है।*

**बदलते माहौल और विकास पर जोर**

प्रधानमंत्री ने कहा कि केरल इस बार एक ऐतिहासिक परिवर्तन की ओर बढ़ रहा है और जनता, खासकर महिलाएं, एनडीए के पक्ष में खड़ी हैं। उन्होंने एनडीए उम्मीदवार अनूप की सराहना करते हुए उन्हें मेहनती और समर्पित नेता बताया, जो पिछले कई वर्षों से संगठन के साथ जुड़े रहे हैं। लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि इन दोनों गठबंधनों ने लंबे समय तक केरल की उपेक्षा की



है। उन्होंने राज्य में खराब सड़कों, पुलों की कमी और स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति पर सवाल उठाए। प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि केंद्र सरकार ने अपने कार्यकाल में केरल को पहले की तुलना में पांच गुना अधिक धनराशि उपलब्ध कराई है, जिससे विकास कार्यों को गति मिली है।

**महिलाओं, युवाओं और 'डबल इंजन' सरकार पर फोकस**

मोदी ने कहा कि एनडीए की नीतियों से महिलाओं को सबसे अधिक लाभ मिला है। उन्होंने शौचालय निर्माण, बैंक खाते, आवास योजनाएं और मुद्रा योजना का जिक्र करते हुए महिलाओं के सशक्तीकरण पर जोर दिया। "लखपति दीदी" योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि अब तक 3 करोड़ महिलाओं को इसका लाभ मिल चुका है और आगे भी करोड़ों महिलाओं को इससे जोड़ा जाएगा। उन्होंने पूर्वोत्तर राज्यों और गोवा का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां एनडीए सरकारों ने विकास के नए मानक स्थापित किए हैं और केरल में भी ऐसा ही परिवर्तन संभव है। सबरीमाला रेलवे परियोजना का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे रोजगार और व्यापार के नए अवसर पैदा होंगे, लेकिन राज्य सरकार इस परियोजना में बाधाएं डाल रही है। अंत में उन्होंने कहा कि केरल में भाजपा-एनडीए की सरकार बनने पर "डबल इंजन" की ताकत से विकास को नई गति मिलेगी और किसानों, मछुआरों व स्थानीय समुदायों की समस्याओं का प्रभावी समाधान किया जाएगा।

## केरल चुनाव से पहले राहुल गांधी का हमला: 'LDF का BJP-RSS से कनेक्शन'

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केरल के अलाप्पुझा में आयोजित एक रैली में लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद LDF में "कुछ भी लेफ्ट नहीं बचेगा" और यह गठबंधन अपनी मूल विचारधारा से भटक चुका है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस और यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट लंबे समय से LDF के खिलाफ लड़ते आए हैं, लेकिन अब स्थिति बदल गई है



और LDF अपने ही सिद्धांतों से समझौता कर चुका है।

**BJP-RSS से संबंध के आरोप, मोदी पर भी निशाना**

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केरल में LDF, भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के बीच एक "छिपा हुआ संबंध" नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि LDF के पीछे ऐसी ताकतें काम कर रही हैं, जो समाज को बांटने वाली हैं और संविधान की भावना के खिलाफ हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मोदी अक्सर कांग्रेस पर हमला करते हैं, लेकिन केरल में LDF सरकार या मुख्यमंत्री पर कुछ नहीं बोलते। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसा क्यों है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री अपने भाषणों में धर्म और मंदिरों की बात करते हैं, लेकिन केरल में सबरीमाला मंदिर से जुड़े मुद्दों पर चुप रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यह चुप्पी LDF को अप्रत्यक्ष समर्थन देने की ओर इशारा करती है, जबकि उनका निशाना केवल UDF रहता है। अपने खिलाफ चल रहे मामलों का जिक्र करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने BJP और RSS के खिलाफ लगातार संघर्ष किया है। उन्होंने बताया कि उनके खिलाफ 38 मामले दर्ज हैं और लंबी पूछताछ भी हुई, लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी।

**केरल की राजनीति में त्रिकोणीय मुकाबला**

केरल की राजनीति पारंपरिक रूप से LDF और UDF के बीच केंद्रित रही है। हालांकि 2021 में LDF ने दोबारा सत्ता हासिल कर इस ट्रेंड को तोड़ा था। इस बार मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा है, क्योंकि BJP के नेतृत्व वाला NDA भी अपनी स्थिति मजबूत करने में जुटा है। राज्य में 2026 विधानसभा चुनाव के लिए 9 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि 4 मई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 23 मई को समाप्त हो रहा है। ऐसे में सभी राजनीतिक दलों ने चुनावी तैयारियां तेज कर दी हैं और आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी तेज हो गया है।

### ईरान निकासी में आर्मेनिया का सहयोग, भारत ने जताया आभार

नई दिल्ली । भारत ने ईरान से अपने नागरिकों की सुरक्षित निकासी में मदद के लिए आर्मेनिया का



आभार व्यक्त किया है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आर्मेनिया के विदेश मंत्री अरारत मिर्जोयान और वहां की सरकार को धन्यवाद दिया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सैकड़ों भारतीय नागरिक जमीनी रास्तों से आर्मेनिया पहुंचकर सुरक्षित निकाले गए हैं। भारत सरकार क्षेत्रीय देशों के साथ समन्वय बनाकर सुरक्षित ट्रांजिट रूट सुनिश्चित कर रही है। इससे पहले अजरबैजान ने भी भारतीयों की निकासी में मदद की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार, 204 भारतीय वहां के रास्ते सुरक्षित बाहर निकाले गए, जिनमें से कई स्वदेश लौट चुके हैं। भारत ने इससे पहले भी आर्मेनिया द्वारा 550 से अधिक नागरिकों की निकासी में दिए गए सहयोग की सराहना की थी।

### राहुल गांधी पर हिमंता सरमा का तीखा हमला, बोले- "कुछ भी कह सकते हैं"

नई दिल्ली । असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला है। एएनआई से बातचीत के दौरान सरमा ने राहुल गांधी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वह "कुछ भी कह सकते हैं" और उनके बयान गंभीरता से लेने लायक नहीं हैं। उन्होंने बेहद आक्रामक लहजे में राहुल गांधी की आलोचना करते हुए कहा कि उनके आरोप बेबुनियाद हैं।



**सीटों को लेकर बड़ा दावा, आरोप-प्रत्यारोप तेज**

चुनावी माहौल के बीच हिमंता सरमा ने दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस बार असम में 90 से 100 सीटें जीतकर सरकार बनाएगी। असम की 126 सदस्यीय विधानसभा के लिए 9 अप्रैल को मतदान होना है, जबकि नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे। दरअसल, यह बयान उस समय आया है जब हाल ही में राहुल गांधी ने सरमा पर गंभीर आरोप लगाए थे। राहुल गांधी ने उन्हें "देश के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री" बताते हुए आरोप लगाया था कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर राज्य में "लैंड एटीएम" चला रहे हैं। राहुल गांधी ने कार्बी आंगलोंग और जोरहाट में रैलियों के दौरान कहा था कि आम लोगों की जमीन छीनकर बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राज्य में शासन व्यवस्था पारदर्शी नहीं है और सत्ता का दुरुपयोग हो रहा है। इसके अलावा राहुल गांधी ने असम के मशहूर गायक जुबिन गर्ग का जिक्र करते हुए कहा कि वे राज्य की भावना का प्रतिनिधित्व करते हैं और उनके मामले में न्याय दिलाने का भरोसा दिया। असम में चुनावी माहौल के बीच नेताओं के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है, जिससे राजनीतिक माहौल और गरमा गया है।

## मोदी नेतृत्व में असम विकास की राह पर, भाजपा-एनडीए की प्रचंड जीत तय: नितिन नबीन



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय जनता पार्टी के नेता नितिन नबीन ने असम के श्रीभूमि में आयोजित एक जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा-एनडीए की बड़ी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि सभा में उमड़ी भारी भीड़ इस बात का संकेत है कि राज्य में एक बार फिर प्रचंड बहुमत की सरकार बनने जा रही है। नितिन नबीन ने अपने संबोधन में कांग्रेस के शासनकाल पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि उस समय असम को अपराध का गढ़ बना दिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों को रोजगार के लिए संघर्ष करना पड़ता था, बुनियादी सुविधाओं की कमी थी और महिलाओं व जमीन की सुरक्षा भी सुनिश्चित नहीं थी। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में असम ने तेजी से विकास किया है। सड़क, बिजली और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। साथ ही हिमंता बिस्वा सरमा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने विकास कार्यों को गति दी है। बराक वैली का जिक्र करते हुए नबीन ने कहा कि पहले यह क्षेत्र उपेक्षा का शिकार था, लेकिन अब ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के जरिए यहां विकास तेज हुआ है और लोगों तक सुविधाएं पहुंच रही हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत राज्य में 22 लाख गरीबों को पक्के घर दिए जा चुके हैं, जबकि 15 लाख और मकान बनाने का लक्ष्य है। अरुणोदय योजना के तहत अब लाभार्थियों को 3,000 रुपए की सहायता दी जाएगी, जिससे गरीब परिवारों को आर्थिक सहारा मिलेगा। महिला सशक्तीकरण पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। साथ ही युवाओं के लिए 2 लाख रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा गया है और नए उद्योग लगाने वालों को 5 लाख रुपए तक की सहायता देने की योजना है। पूर्व यूपीए सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि उस समय सड़कों का निर्माण नहीं हुआ और सुरक्षा के नाम पर विकास कार्यों को रोका गया। इसके विपरीत वर्तमान सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों तक सड़कें बनाकर सुरक्षा को मजबूत किया है। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, असम की सभी 126 विधानसभा सीटों पर 9 अप्रैल को एक ही चरण में मतदान होगा।

## चुनाव आयोग को स्वतंत्र रहना जरूरी, राजनीतिक प्रभाव से दूर रहें संस्थाएं: जस्टिस नागरत्ना

नई दिल्ली । बी.वी. नागरत्ना ने चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता पर जोर देते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग को पूरी तरह स्वतंत्र होकर काम करना चाहिए और उस पर किसी भी तरह की राजनीतिक प्रतिक्रिया या दबाव का असर नहीं पड़ना चाहिए। उनके अनुसार, चुनाव सिर्फ एक प्रक्रिया नहीं बल्कि वह माध्यम हैं, जिसके जरिए राजनीतिक सत्ता का गठन होता है।

**संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता ही लोकतंत्र की मजबूती**

पटना के चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आयोजित व्याख्यान के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि चुनाव आयोग, नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक और वित्त आयोग जैसी संस्थाओं का ढांचा इस तरह बनाया गया है कि वे बाहरी प्रभावों से मुक्त रहकर निष्पक्षता बनाए रखें। उन्होंने कहा कि इन संस्थाओं को



ऐसे क्षेत्रों की जिम्मेदारी दी गई है, जहां सामान्य राजनीतिक प्रक्रियाएं निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं कर पातीं, इसलिए इनका स्वतंत्र रहना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि भारत के संवैधानिक लोकतंत्र ने यह साबित किया है कि समय पर चुनाव होने से सत्ता परिवर्तन सुचारू रूप से होता है। लेकिन यदि इस प्रक्रिया पर नियंत्रण किया जाए, तो इसका मतलब राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों को नियंत्रित करना भी होगा, जो लोकतंत्र के लिए खतरा बन सकता है।

**संस्थाओं की कमजोरी से लोकतांत्रिक ढांचा होता है प्रभावित**

जस्टिस नागरत्ना ने टीएन शेशन बनाम भारत संघ का उल्लेख करते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को एक महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था माना है, जिसका काम चुनावों की निष्पक्षता सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्पष्ट किया कि अगर चुनाव कराने वाली संस्था उन्हीं लोगों पर निर्भर हो जाए, जो चुनाव लड़ते हैं, तो निष्पक्षता बनाए रखना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि जब संवैधानिक ढांचे की संरचना कमजोर होती है, तो लोकतंत्र भी कमजोर पड़ जाता है। संस्थाएं अगर एक-दूसरे पर निगरानी रखना बंद कर दें, तो भले ही चुनाव होते रहें, अदालतें काम करती रहें और संसद कानून बनाती रहे, फिर भी सत्ता पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रह जाता। जस्टिस नागरत्ना का यह बयान ऐसे समय में आया है जब देश में संवैधानिक संस्थाओं की भूमिका और उनकी स्वतंत्रता को लेकर लगातार चर्चा हो रही है। उनके विचार लोकतंत्र में संस्थागत संतुलन और पारदर्शिता बनाए रखने की अहम जरूरत को रेखांकित करते हैं।

## होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरा भारतीय एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी', ऊर्जा आपूर्ति बनी रही सुचारू

नई दिल्ली (एजेंसी)। पश्चिम एशिया में जारी तनाव और संघर्ष के बीच भारत के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। भारतीय ध्वज वाला एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सान्वी' सुरक्षित रूप से होर्मुज स्ट्रेट को पार कर गया है। जहाज ट्रैकिंग डेटा के अनुसार, यह इस अत्यंत संवेदनशील और रणनीतिक समुद्री मार्ग से गुजरने वाला सातवां भारतीय पोत बन गया है, जो भारत की ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। बताया जा रहा है कि 'ग्रीन सान्वी' ने ईरान के समुद्री क्षेत्र से तय सुरक्षित मार्ग का उपयोग करते हुए इस खतरनाक जलक्षेत्र को पार किया। इस टैंकर में करीब 44,000 टन एलपीजी लदा हुआ है, जो भारत की लगभग आधे दिन की खपत के बराबर माना जाता है।



ऐसे समय में जब वैश्विक स्तर पर ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है, यह सुरक्षित पारगमन भारत के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले दिनों में भारतीय ध्वज वाले दो और एलपीजी टैंकर—ग्रीन आशा और जग विक्रम—भी इसी मार्ग से सुरक्षित होकर भारत पहुंच सकते हैं। इससे यह संकेत मिलता है कि भारत अपनी ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखने के लिए लगातार सक्रिय रणनीति पर काम कर रहा है। 'ग्रीन सान्वी' के सफल पारगमन के साथ ही फारस की खाड़ी क्षेत्र में मौजूद भारतीय ध्वज वाले जहाजों की संख्या बढ़कर 17 हो गई है। इनमें एलपीजी, कच्चे तेल, एलएनजी, केमिकल टैंकर, कंटेनर जहाज और बल्क कैरियर जैसे विभिन्न प्रकार के पोत शामिल हैं। यह बढ़ती मौजूदगी इस बात का संकेत है कि भारत इस क्षेत्र में अपनी समुद्री गतिविधियों को मजबूती से संचालित कर रहा है। इस बीच भारत सरकार डिप्लोमैटिक स्तर पर भी सक्रिय है और ईरान के साथ लगातार संपर्क बनाए हुए है, ताकि भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके। ईरान ने मौजूदा हालात को देखते हुए भारत सहित कई मित्र देशों के जहाजों को समन्वय के साथ इस मार्ग से गुजरने की अनुमति दी है। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने पुष्टि की है कि भारत, चीन, रूस, इराक और पाकिस्तान जैसे देशों के जहाज इस महत्वपूर्ण मार्ग का उपयोग कर सकते हैं। गौरतलब है कि होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक है, जो फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है। ऐसे में इस मार्ग से सुरक्षित नेविगेशन बनाए रखना न केवल भारत, बल्कि पूरी दुनिया के लिए जरूरी है। 'ग्रीन सान्वी' का सफल पारगमन इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत वैश्विक अस्थिरता के बावजूद अपनी ऊर्जा आपूर्ति लाइनों को सुरक्षित रखने में सक्षम है और कूटनीतिक व समुद्री स्तर पर पूरी तरह सतर्क और सक्रिय है।

रॉयल पत्रिका

## संपादकीय....

# परस्पर निर्भर भारत और खाड़ी देश

संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के राष्ट्रपति रहे शेख जायद बिन मोहम्मद के निमंत्रण पर मई 1981 में भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इस खाड़ी देश का दौरा किया था। करीब 45 वर्ष पहले हुई इस मुलाकात में दोनों नेताओं ने सहमति जताई थी कि खाड़ी क्षेत्र और भारत की सुरक्षा एवं कल्याण की कड़ियां आपस में जुड़ी हुई हैं। समय के साथ यह धारणा और मजबूत ही हुई कि दोनों क्षेत्रों की सुरक्षा और समग्र कल्याण परस्पर निर्भर हैं। एक ऐसे समय जब ईरान युद्ध के चलते समूचे क्षेत्र में अशांति बढ़ने से पूरे समीकरण बदल गए हैं तो यह विचार और प्रासंगिक हो गया है।

अरब प्रायद्वीप में सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन, कतर, यूएई और ओमान जैसे छह प्रमुख देश हैं। यहां दक्षिण एशियाई देशों की बड़ी प्रवासी जनसंख्या रहती है। इनमें से भी सबसे बड़ी संख्या भारतीयों की है, जिनकी तादाद नब्बे लाख से एक करोड़ के बीच है। पाकिस्तानियों और बांग्लादेशियों की संख्या भी पचास लाख से अधिक है। नेपाल और श्रीलंका के भी लाखों लोग यहां हैं। ये लोग इन देशों की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ये लोग पेशेवर, कार्यकारी और प्रबंधकीय से लेकर अर्धकुशल और सामान्य श्रमिक जैसी भूमिकाओं में सक्रिय हैं। यह कहना एकदम सही होगा कि भले ही खाड़ी देशों में यूरोपीय प्रवासी भी रहते हों, लेकिन उनका काम दक्षिण एशियाई विशेष रूप से भारतीयों के बिना नहीं चल सकता।

काम से जुड़ा भारतीयों का कौशल और भरोसा उन्हें इन देशों में व्यापक रूप से स्वीकार्य बनाता है। जितना खाड़ी के देशों को प्रवासियों की आवश्यकता है, उतनी ही उन्हें भी है, क्योंकि वे अपने देश को भारी मात्रा में धनराशि भेजते हैं। रेमिटेंस कही जाने वाली यह धनराशि इन देशों के वृहद आर्थिक स्थायित्व में संतुलन की भूमिका और बाहरी झटकों से बचाने में उपयोगी होती है। भारत के चालू खाते के लिए यह राशि बड़ा योगदान देती है, लेकिन मौजूदा हालात में पाकिस्तान के लिए यह अस्तित्व का संकट पैदा कर सकती है, क्योंकि उसकी अर्थव्यवस्था पहले से ही नाजुक बनी हुई है। राजनीतिक उथल-पुथल से प्रभावित बांग्लादेश के लिए भी रेमिटेंस की अहमियत कहीं ज्यादा बढ़ गई है। वृहद आर्थिक स्थिरता के अलावा खाड़ी देशों में कार्यरत लोगों द्वारा भेजे जाने वाला रेमिटेंस उनके स्वजनों के लिए भी बहुत आवश्यक है, क्योंकि अधिकांश परिवारों की योजनाएं इसी भेजी गई राशि के आधार पर टिकी होती हैं। उसके अभाव में उनके परिवारों का भविष्य अधर में भी लटक सकता है।

# सुरक्षा, विकास और विश्वास की त्रिवेणी से बदलता बस्तर



विचार

केदार कश्यप

इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा 30 मार्च को लोकसभा में नक्सलवाद के लगभग समाप्त होने की घोषणा केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक आत्मविश्वासी और निर्णायक भारत की तस्वीर प्रस्तुत करती है। यह वह क्षण है, जब दशकों से संघर्ष और असुरक्षा के साए में जी रहे क्षेत्रों में स्थायी शांति और विकास की नई उम्मीद जगी है। बस्तर , जो कभी नक्सल गतिविधियों का गढ़ माना जाता था, आज परिवर्तन, विश्वास और प्रगति की एक सशक्त मिसाल बनकर उभर रहा है। यह बदलाव केवल बंदूक की आवाज़ थमने का संकेत नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और मानसिक स्तर पर आए व्यापक परिवर्तन का प्रतीक है। वर्षों तक उपेक्षा, गरीबी और संसाधनों की कमी ने जिस क्षेत्र को पीछे रखा, आज वही क्षेत्र योजनाबद्ध प्रयासों से आगे बढ़ रहा है।

इस ऐतिहासिक परिवर्तन के पीछे केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और राज्य में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की संवेदनशील और जमीनी नीतियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। विशेष रूप से साय का आदिवासी समाज से जुड़ाव इस पूरे परिवर्तन में एक मजबूत कड़ी बना है, जिससे शासन और जनता के बीच विश्वास का सेतु मजबूत हुआ है। बस्तर में बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में अभूतपूर्व सुधार देखने को मिले हैं। जहां कभी सड़कें नहीं थीं, वहां अब संपर्क मार्गों का जाल बिछ चुका है। इन सड़कों ने गांवों को शहरों से जोड़ा, बाजारों तक पहुंच आसान बनाई और प्रशासनिक सेवाओं को सुदूर इलाकों तक पहुंचाया। इससे न केवल जीवन स्तर सुधरा, बल्कि आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिली।

बिजली और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार ने बस्तर के जीवन को नई दिशा दी है। सोलर ऊर्जा और ग्रामीण विद्युतीकरण योजनाओं ने अंधेरे गांवों को रोशनी दी, वहीं मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट ने शिक्षा, स्वास्थ्य और सरकारी सेवाओं को लोगों के दरवाजे तक पहुंचाया। डिजिटल सेवाओं के बढ़ने से पारदर्शिता आई और लोगों की भागीदारी भी बढ़ी। शिक्षा के क्षेत्र में हुए सुधार बस्तर के भविष्य की नींव मजबूत कर रहे हैं। एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, आश्रम शालाएं और पोटा केबिन स्कूलों ने बच्चों को सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का वातावरण दिया है। इससे नई पीढ़ी को हिंसा के रास्ते से दूर रखते हुए उन्हें बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर किया जा रहा है।

स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। दूरस्थ क्षेत्रों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, मोबाइल मेडिकल यूनिट्स और टेलीमेडिसिन सुविधाओं ने लोगों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराया है। मातृ एवं

*यह केवल नक्सलवाद के अंत की कहानी नहीं, बल्कि एक नए युग की शुरुआत है- जहां बस्तर शांति, आत्मनिर्भरता, सम्मान और समृद्धि के साथ भारत के विकास में अपनी नई पहचान बना रहा है।*



शिशु स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, टीकाकरण अभियान और पोषण योजनाओं ने जीवन स्तर को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आर्थिक क्षेत्र में आया परिवर्तन इस पूरे बदलाव का सबसे मजबूत आधार बनकर उभरा है। मनरेगा जैसी योजनाओं ने ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराया, जिससे उनकी आय में स्थिरता आई और पलायन में कमी आई। इससे गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हुई और लोगों का जीवन स्तर सुधरा है। बस्तर की वन संपदा को आर्थिक शक्ति में बदलने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कार्य हुए हैं। तेंदूपत्ता, महुआ, साल बीज और अन्य लघु वनोपज के संग्रह और समर्थन मूल्य पर खरीदी ने आदिवासियों को उनकी मेहनत का उचित मूल्य दिलाया है। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई और बिचौलियों पर निर्भरता कम हुई। महिला स्वयं सहायता समूहों ने बस्तर में आर्थिक और सामाजिक परिवर्तन की नई कहानी लिखी है। छोटे-छोटे व्यवसायों—जैसे खाद्य प्रसंस्करण, हस्तशिल्प, बकरी पालन और मशरूम उत्पादन—ने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है। इससे न केवल परिवारों की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है, बल्कि महिलाओं का सामाजिक सम्मान और आत्मविश्वास भी बढ़ा है। युवाओं के लिए कौशल विकास और स्वरोजगार के अवसरों ने नई संभावनाओं के द्वार खोले हैं। तकनीकी प्रशिक्षण और रोजगारोन्मुखी कार्यक्रमों के माध्यम से युवा अब नई दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं। इससे उनकी आय बढ़ी है और वे समाज के विकास में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

इन सभी आर्थिक और सामाजिक सुधारों का सीधा प्रभाव नक्सलवाद पर पड़ा है। जब लोगों को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन के अवसर मिलते हैं, तो वे हिंसा और भटकाव के रास्ते से दूर रहते हैं। यही कारण है कि सरकारी योजनाएं नक्सलवाद की जड़ों को कमजोर करने में अत्यंत प्रभावी साबित हुई हैं।

'सिविक एक्शन प्रोग्राम' जैसे प्रयासों ने सुरक्षा बलों और जनता के बीच विश्वास को मजबूत किया है। गांवों में आयोजित चिकित्सा शिविर, खेलकूद और जागरूकता कार्यक्रमों ने यह संदेश दिया है कि सरकार और सुरक्षा बल जनता के सहयोगी हैं, न कि केवल व्यवस्था लागू करने वाले, सरेंडर करने वाले पूर्व नक्सलियों के पुनर्वास की दिशा में भी सकारात्मक कदम उठाए गए हैं। उन्हें शिक्षा, रोजगार और आर्थिक सहायता प्रदान कर मुख्यधारा में शामिल किया जा रहा है, जिससे वे एक सम्मानजनक जीवन जी सकें और समाज के निर्माण में योगदान दे सकें। बस्तर का यह परिवर्तन केवल एक क्षेत्र की कहानी नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणादायक मॉडल है। यह साबित करता है कि जब सुरक्षा, विकास, विश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण को एक साथ आगे बढ़ाया जाता है, तो सबसे जटिल समस्याओं का भी स्थायी समाधान संभव है। आगे की राह में यह आवश्यक है कि विकास के इस मॉडल को और मजबूत किया जाए, जिसमें पर्यावरण संरक्षण और आदिवासी संस्कृति का सम्मान भी शामिल हो। बस्तर के जंगल, परंपराएं और जीवनशैली उसकी पहचान हैं, जिन्हें सुरक्षित रखते हुए ही समृद्धि का मार्ग तय करना होगा।

मंत्री, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन

## हनुमान जयंती विशेष

आचार्य दीप चन्द भारद्वाज




# अतुलनीय बल के स्वामी और श्री राम के अनन्य उपासक

अंजनी पुत्र हनुमान को कलयुग का सबसे प्रभावशाली देवता माना जाता है। मान्यता है कि मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की सेवा के लिए महादेव ने एकादशी रूद्र को ही हनुमान के रूप में अवतरित किया था। सनातन संस्कृति के उपासकों के लिए हनुमान जयंती का विशेष रूप से महत्व है। भगवान हनुमान के दिव्य गुण इस उत्सव का मुख्य आकर्षण हैं। हनुमान निःस्वार्थ भक्ति, निष्ठा और समर्पण के प्रतीक हैं। हनुमान जी का दैवी गुणों से परिपूर्ण आध्यात्मिक उदात्त चरित्र हमें जीवन के संघर्षों और चुनौतियों पर विजय पाने और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनने के लिए भक्ति, विनम्रता और समर्पण का पाठ पढ़ाता है। पवनसुत, मंगल मूर्ति, संकट मोचन आदि कहे जाने वाले श्री हनुमान के नाम के स्मरण मात्र से ही भक्तों के समस्त दुखों का नाश हो जाता है। हनुमान के दिव्य गुणों का वर्णन करते हुए हमारे शास्त्रों में कहा गया है कि 'मनोजवं मारुततुल्य वेगं, जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम्। वातात्मजं वानरयूथमुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये। अर्थात भगवान हनुमान मन से भी अधिक भगवान, वायु के समान तीव्र वेग वाले, इंद्रियों पर विजय प्राप्त करने वाले, बुद्धिमानों में वरिष्ठ, वायु पुत्र, वानर समूह के मुख्य नेता, भगवान श्री राम के अन्य दूत हनुमान का सान्निध्य प्राप्त हो। तुलसीदास ने हनुमान को गुणों का भंडार माना है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के हनुमान अन्य सेवक एवं उपासक थे। वे मानसा, वाचा, कर्मणा प्रभु श्री राम को समर्पित थे। बाल्मीकि रामायण के अनुसार रावण का वध करने और लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद प्रभु श्री राम अयोध्या लौटे, तब उन्होंने युद्ध में साथ देने वाले सभी वीरों को उपहार दिया, जब हनुमान जी की बारी आई तो उन्होंने याचना करते हुए प्रभु राम से कहा कि -हे राम, इस लोक पर जब तक राम कथा प्रचलित रहे, तब तक मेरे प्राण शरीर में बसे रहे। हनुमान की याचना पर श्री राम ने आशीर्वाद देते हुए कहा कि - 'हे कपि श्रेष्ठ इस संसार में जब तक राम कथा प्रचलित रहेगी, तब तक तुम्हारी कीर्ति अमिट रहेगी'। सात्विक अंतकरण एवं एकाग्रता के साथ की गई हनुमान की उपासना से हमारे जीवन में व्याप्त समस्त नकारात्मक आसुरी शक्तियों का विनाश हो जाता है। शरीर तथा मन में व्याप्त रोगों का हनुमान के स्मरण से विनाश हो जाता है। हनुमान आध्यात्मिक विभूतियों से परिपूर्ण महान पराक्रमी योद्धा हैं। हनुमान की भक्ति मनुष्य को पराक्रम शारीरिक तथा मानसिक बल प्रदान करने वाली मानी गई है। वे मनुष्य और देवता के बीच वह सेतु हैं जो यह सिद्ध करते हैं कि यदि चेतना जागृत हो जाती है तो शारीरिक सीमाएं अर्थहीन हो जाती हैं। वह ब्रह्म की साक्षात क्रियात्मक शक्ति हैं। हनुमान जी ब्रह्मांड के वह पार्टिकल हैं जिनमें साक्षात परमात्मा की स्पीड और पावर विद्यमान है। उनकी अष्ट सिद्धियां वास्तव में पदार्थ और ऊर्जा पर नियंत्रण की प्रतीक हैं। अणिमा सिद्धि परमाणु स्तर पर संकुचित होने की क्षमता है, जबकि महिमा ब्रह्मांडीय विस्तार का विज्ञान है। वह क्वांटम फिजिक्स के मास डिसेंटी और स्पेस टाइम के सिद्धांतों को चुनौती देने वाली सर्वोच्च तकनीक हैं। वज्र के समान उनका शरीर उनकी कोशिकाओं का घनत्व सामान्य जैविक ढांचे से भिन्न था, जो उन्हें वायु की गति से उड़ाने और गुरुत्वाकर्षण को भी बेअसर करने की शक्ति प्रदान करता था। हनुमान का प्रक्रम किसी सेवा का मोहताज नहीं था, वह स्वयं वन मैन आर्मी थे। समुद्र लांघना हनुमान जी की शारीरिक शक्ति नहीं, बल्कि उनके संकल्प की विजय थी। वे उत्कृष्ट वाणी के स्वामी और ऋग्वेद के प्रकांड विद्वान थे। जब ऋष्यमूक पर्वत पर हनुमान प्रथम बार प्रभु श्री राम से मिले तो उन्होंने एक ब्राह्मण का वेश धारण करके शास्त्र सम्मत संवाद किया। उनकी व्याकरण और शुद्ध उच्चारण से परिपूर्ण वाणी को सुनकर भगवान श्री राम भी चकित रह गए। किष्किंधा कांड में हनुमान के व्यक्तित्व की उत्कृष्टता लक्ष्मण को बताते हुए प्रभु राम कहते हैं कि - 'जिसने ऋग्वेद की शिक्षा न ली हो, यजुर्वेद का अभ्यास न किया हो। सामवेद का जिसे ज्ञान न हो, वह इतनी परिष्कृत भाषा में संवाद नहीं कर सकता।' निश्चय ही हनुमान ने संपूर्ण व्याकरण का अनेक बार स्वाध्याय किया है। इससे सिद्ध होता है कि हनुमान जी वाचस्पति थे। हनुमान की भक्ति अभय प्रदान करती है। मानसिक पटल पर विद्यमान भय, चिंता, रोग, कष्ट को दूर करके मंगल प्रदान करने वाली कही गई है।



( लेखक आध्यात्मिक चिंतक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# यह मन का कमाल है




संकलित

दर्शन

सिर्फ अनुभव करने से ही यह आएगी। अगर आप अपनी आंखें बंद करके अपने मन से कोई चीज हटाने की कोशिश करते हैं, तो आप कभी सफल नहीं होंगे। दाढ़ी बनाते समय बहुत से लोग अपना चेहरा काट लेते हैं, क्योंकि वे त्वचा से अधिक निकट दाढ़ी काटना चाहते हैं और रेजर उनकी योजना से अधिक निकट चला जाता है। यह मन का कमाल है। जो चीजें आप चाहते हैं, उनका प्रतिरोध करने की कोशिश कीजिए। आप देखेंगे कि वे आपके अंदर तीव्रता से व्यक्त होंगी। अगर आप कोई चीज नहीं चाहते हैं कि वह हो, तो उसे न होने देने की कोशिश कीजिए। तब वह जरूर होगी। ऐसा इसलिए है, क्योंकि आप एक ऐसी अवस्था में हैं, जहां आप अपने मन को पहले गियर में डालना चाहते हैं और वह रिवर्स गियर में चला जाता है। चीजें करने का यह सबसे अच्छा तरीका नहीं है, लेकिन यह समझने के लिए कि अभी मन उसी तरह है, आप इसे आजमा सकते हैं। अगर आप किसी चीज का विरोध करते हैं, तो सिर्फ वही चीज घटित होगी। इसलिए मन का प्रतिरोध मन कीजिए, अपने मन की खोज कीजिए। आपका मन कैसे कार्य करता है, उसे समझना किसी बौद्धिक विश्लेषण से नहीं आता। इसकी खोज करनी पड़ती है। अपने शरीर को एक मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन किस विशेष ढंग से काम करता है। अपने शरीर को दूसरी मुद्रा में रखिए और ध्यान दीजिए कि आपका मन एक अलग ढंग से काम करता है। अगर आप एक आसन में बैठकर ठीक ढंग से सांस लेते हैं, तो मन विभिन्न अवस्थाओं में चला जाएगा।

# मूर्ख साधू और ठग



संकलित

प्रेरणा

किसी गांव के मंदिर में देव शर्मा नाम का एक प्रतिष्ठित साधू रहता था। उसे अपने भक्तों से दान में तरह- तरह के वस्त्र, उपहार, खाद्य सामग्री और पैसे मिलते थे। उन वस्त्रों को बेचकर साधू ने काफी धन जमा कर लिया था। वह अपने धन को एक पोटली में रखता था और उसे हमेशा अपने साथ लेकर ही चलता था। उसी गांव में एक ठग रहता था। ठग हमेशा साधू का पीछा किया करता था, लेकिन साधू उस गठरी को कभी अपने से अलग नहीं होने देता। उसने साधू से मिन्नत की कि वह उसे अपना शिष्य बना ले क्योंकि वह ज्ञान प्राप्त करना चाहता था। साधू तैयार हो गया और इस तरह से वह ठग साधू के साथ ही मंदिर में रहने लगा। ठग मंदिर की साफ सफाई से लेकर अन्य सभी कार्य भी करता था। एक दिन साधू को पास के गांव में एक अनुष्ठान के लिए आमंत्रित किया गया, साधू ने वह आमंत्रण स्वीकार किया और निश्चित दिन साधू अपने शिष्य के साथ अनुष्ठान में भाग लेने के लिए निकल पड़ा। रास्ते में एक नदी पड़ी और साधू ने स्नान करने की इच्छा व्यक्त की। उसने पैसों की गठरी को एक कम्बल के भीतर रखा और उसे नदी के किनारे रख दिया। उसने ठग से सामान की रखवाली करने को कहा और खुद नहाने चला गया। ठग को तो कब से इसी पल का इंतजार था। जैसे ही साधू नदी में डुबकी लगाने गया, वह रुपयों की गठरी लेकर चम्पत हो गया। शिक्षा- किसी अजनबी की चिकनी चुपड़ी बातों में आकर ही उस पर विश्वास नहीं कर लेना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### डिजिटल जनगणना का महत्त्व

भारत में होने जा रही आगामी जनगणना कई मायनों में ऐतिहासिक साबित होने वाली है। यह पहली बार होगा जब जनगणना पूरी तरह डिजिटल माध्यम से संपन्न की जाएगी, जिससे न केवल प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी, बल्कि आंकड़ों की गुणवत्ता भी बेहतर होगी। पारंपरिक कागज आधारित प्रणाली के स्थान पर अब मोबाइल एप, वेब पोर्टल और रियल-टाइम डेटा मॉनिटरिंग का उपयोग किया जाएगा। इससे जनगणना कर्मचारियों द्वारा एकत्रित जानकारी सीधे सर्वर पर पहुंचेगी, जिससे डेटा प्रोसेसिंग में लगने वाला समय काफी कम हो जाएगा। इस डिजिटल जनगणना की एक महत्वपूर्ण विशेषता यह है कि इसे दो चरणों में आयोजित किया जाएगा। इससे डेटा अधिक व्यवस्थित और विश्लेषण योग्य बनेगा।

*- मदन जोशी, जगदलपुर*

## X ट्रेंड

### स्वच्छता रैंकिंग



लखनऊ नगर निगम के बेहतर कूड़ा प्रबंधन एवं क्लीन सिटी-ग्रीन सिटी की सिद्धि हेतु आज लखनऊ में पर्यावरण अनुकूल हरित ऊर्जा से संचालित 250 इलेक्ट्रिक व सीएनजी वाहनों को फ्लैग ऑफ किया। लखनऊ स्वच्छता रैंकिंग में देश के शीर्ष तीन शहरों में शामिल हुआ है।

**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### लिएंडर पेस का स्वागत



भाजपा परिवार में शामिल होने के उपरांत, टेनिस जगत के प्रतिष्ठित खिलाड़ी एवं ओलंपिक पदक विजेता लिएंडर पेस ने आज शिष्टाचार भेंट की। खेल के क्षेत्र में आपका व्यापक अनुभव और राष्ट्र के प्रति आपकी निष्ठा निश्चित रूप से समाज के लिए उपयोगी सिद्ध होगी।

**- रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**

### बीजेपी को हार का डर



तीन महीनों में गुजरात में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं के खिलाफ 145 एफआईआर हो चुकी हैं। बीजेपी गुजरात में हार के डर से हमारी पार्टी से बुरी तरह से बौखलायी हुई है। आज हमारे राज्य अध्यक्ष इसुदान गढ़वी को गिरफ्तार कर लिया।

**-अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**

### ज़रूरी वस्तुएं महंगी



मोदी सरकार ने देश की सामरिक और आर्थिक नीति तहस-नहस कर दी है। इसका सीधा खामियाज़ा 140 करोड़ भारतीयों को उठाना पड़ रहा है। आज से रोजमर्रा की कई ज़रूरी चीज़ों के दाम बढ़ेंगे।

**- मल्लिकार्जुन खरगे, अध्यक्ष, कांग्रेस**

रॉयल पत्रिका

## करंट अफेयर

# ईरान को व्यवस्थित तरीके से कुचला जा रहा है : नेतन्याहू



ईरान के खिलाफ युद्ध में 'बड़ी उपलब्धियों' की प्रशंसा करते हुए इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि इजराइल-अमेरिका का संयुक्त अभियान इस्लामी शासन को 'व्यवस्थित तरीके से कुचल रहा है'और इस यहूदी राष्ट्र के सामने मौजूद अस्तित्वगत खतरों को खत्म कर रहा है। यहूदी पर्व 'पेसाच' (पासओवर) से पहले हिब्रू में राष्ट्र को संबोधित करते हुए नेतन्याहू ने कहा कि 'देर-सवेर'ईरानी शासन गिर जाएगा और इजराइल, तेहरान से उत्पन्न साझा खतरे के खिलाफ 'क्षेत्र के महत्वपूर्ण देशों के साथ नए गठबंधन' बना रहा है। इजराइली प्रधानमंत्री ने किसी देश का नाम नहीं लिया, लेकिन संक्षेप में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि 'जल्द ही मैं आपको इन महत्वपूर्ण गठबंधनों के बारे में और बता पाऊंगा।' नेतन्याहू ने कहा, 'स्वतंत्रता पर्व की पूर्व संध्या पर इजराइल पहले से कहीं अधिक मजबूत है। पूरी दुनिया ईरान के दुष्ट शासन के खिलाफ हमारी लड़ाई में हमारी दहाड़ सुन रही है, एक ऐसी लड़ाई जिसमें हमने अपार उपलब्धियां हासिल की हैं।' यह संबोधन ऐसे समय में आया जब देश लेबनान में जमीनी अभियान के दौरान चार सैनिकों की मौत पर शोक मना रहा है।

## ऑफ बीट

# जैतून के पत्ते का अर्क भी स्वास्थ्य के लिए अच्छा



जैतून में कई स्वास्थ्यवर्धक पोषक तत्व भी होते हैं। अब जैतून के पत्तों के स्वास्थ्य लाभ के बारे में प्रमाण बढ़ रहे हैं जिनमें हाल में किए गए एक अध्ययन से प्राप्त साक्ष्य भी शामिल हैं। जैतून के पत्तों को पारंपरिक रूप से भूमध्य सागर क्षेत्र में चाय के रूप में इस्तेमाल किया जाता है और बुखार एवं मलेरिया के इलाज में यह चाय पी जाती है। जैतून की पत्तियों में 'ओलेयूरोपिन' नामक एक प्रकार का 'एंटीऑक्सीडेंट' उच्च मात्रा में पाया जाता है। जैतून और जैतून के तेल में भी यह पाया जाता है, लेकिन कम मात्रा में। आम तौर पर, पत्ती जितनी हरी होती है (कम पीली) उसमें उतना ही अधिक 'ओलेरोपिन' होता है। जैतून के पत्तों में अन्य 'एंटीऑक्सीडेंट' भी होते हैं जैसे 'हाइड्रॉक्सीटायरोसोल', 'ल्यूटोलिन', 'एपिजेनिन' और 'वर्बास्कोसाइड'। 'एंटीऑक्सीडेंट' शरीर में 'ऑक्सीडेटिव' तनाव को कम करते हैं। 'ऑक्सीडेटिव' तनाव हमारे डीएनए (डीऑक्सीराइबोन्यूक्लिक एसिड), कोशिका झिल्ली और ऊतकों को नुकसान पहुंचाता है, जिससे कैंसर और हृदय रोग जैसी गंभीर बीमारियां हो सकती हैं।

# प्रदेश में डेयरी सेक्टर को मिले विस्तार, सरस को बनाएं राष्ट्रीय ब्रांड - भजनलाल शर्मा

## - मिलावट के विरुद्ध अपनाए जीरो टॉलरेंस की नीति, लापरवाही बरतने वालों पर हो सख्त कार्रवाई

जयपुर(रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था की सशक्त धुरी है, जो किसानों एवं दुग्ध उत्पादकों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनकर उभर रहा है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल ग्रामीण परिवारों को आर्थिक संबल मिलता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित होते हैं। शर्मा शुक्रवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में डेयरी क्षेत्र के विकास को लेकर आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान दुग्ध उत्पादन में अग्रणी राज्य है। ऐसे में प्रदेश में डेयरी द्वारा दुग्ध संग्रहण एवं प्रसंस्करण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ लक्ष्य निर्धारित करते हुए औसत दुग्ध संकलन एवं दुग्ध सहकारी समितियों का विस्तार किया जाए।



**सरस उत्पादों की हो व्यापक ब्रांडिंग**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने बजट में 2000 हजार करोड़ रुपये के राजस्थान कॉपरेटिव डेयरी इंफ्रास्टक्चर डवलपमेंट फंड एवं सरस को राष्ट्रीय ब्रांड के रूप में स्थापित किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि राज्य के बाहर के साथ ही प्रदेश के प्रमुख धार्मिक व पर्यटन स्थलों पर सरस आउटलेट खोले जाने की संभावनाएं तलाशी जाए। उन्होंने कहा कि डेयरी उत्पादों की व्यापक ब्रांडिंग भी की जाए।

**उत्पादों में रखे उच्च गुणवत्ता, करें औचक निरीक्षण**

शर्मा ने कहा कि दुग्ध उत्पादों में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मिलावट के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए औचक निरीक्षण किए जाए एवं इसमें लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही, अत्याधुनिक मिल्क टेस्टिंग मशीन एवं रियल टाईम मॉनिटरिंग सिस्टम का सुदृढ़ीकरण किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार सहकार से समृद्धि के ध्येय के साथ कार्य कर रही है। सहकारिता एवं डेयरी क्षेत्र को मजबूत करने से किसानों को मजबूती मिल रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि समस्त विभागीय योजनाओं का प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए पारदर्शी एवं सुगम तरीके से दुग्ध उत्पादकों को अधिकाधिक लाभ पहुंचाया जाए। साथ ही, तकनीकी नवाचारों को अपनाते हुए डेयरी क्षेत्र को और अधिक संगठित एवं प्रतिस्पर्धी बनाया जाए। बैठक में बताया गया कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार के विशेष प्रयासों से आरसीडीएफ के मुनाफे में वृद्धि हो रही है। वर्तमान में आरसीडीएफ के औसत दुग्ध संकलन से लेकर दुग्ध प्रसंस्करण क्षमता, दुग्ध उत्पादों के विपणन एवं विविधकरण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

# आदर्श घोटाले में 'डबल गेम' का आरोप, टीकाराम जूली ने सरकार और वकीलों पर उठाए सवाल

जयपुर। राजस्थान में बहुचर्चित आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी घोटाले को लेकर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने राज्य की भाजपा सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। जूली ने कहा कि भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार पीड़ितों के साथ "डबल गेम" कर रही है और न्याय प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। जूली के अनुसार, वर्ष 1999 में शुरू हुई आदर्श क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने 2010 से 2014 के बीच करीब 22 लाख लोगों से लगभग 15,000 करोड़ रुपये की ठगी की। जांच में सामने आया कि करीब 125 शैल कंपनियों के जरिए यह पैसा आरोपियों और उनके करीबियों तक पहुंचाया गया। 2018 में एसओजी द्वारा एफआईआर दर्ज होने के बाद गिरफ्तारियां तो हुईं, लेकिन अब तक पीड़ितों को न्याय नहीं मिल पाया है।



**'हितों का टकराव' बना बड़ा मुद्दा**

जूली ने आरोप लगाया कि इस मामले में "हितों के टकराव" (Conflict of Interest) की गंभीर स्थिति पैदा हो गई है। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार की ओर से सुप्रीम कोर्ट में पैरवी कर रहे अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा और उनकी लॉ फर्म "ऑरा एंड कंपनी" का इस घोटाले के आरोपियों से संबंध है। उन्होंने दावा किया कि इसी घोटाले से जुड़े मामलों में दिल्ली हाईकोर्ट में आरोपी सिद्धार्थ चौहान की पैरवी भी यही लॉ फर्म कर रही है। जूली ने सवाल उठाया कि एक ही वकील कैसे एक तरफ आरोपी का बचाव कर सकता है और दूसरी तरफ सरकार की ओर से पीड़ितों का पक्ष रख सकता है। उनके मुताबिक, यह सीधे तौर पर न्यायिक नैतिकता और नियमों का उल्लंघन है।

**उच्च स्तरीय जांच की मांग**

जूली ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ इंडिया के नियम स्पष्ट रूप से वकीलों को विरोधी पक्षों का प्रतिनिधित्व करने से रोकते हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि वकील और क्लाइंट का संबंध विश्वास पर आधारित होता है और इस तरह के मामलों में निष्पक्षता पर सवाल खड़े हो जाते हैं। नेता प्रतिपक्ष ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए पूछा कि क्या संबंधित वकील ने सरकार को अपने दूसरे मामलों की जानकारी दी थी। यदि जानकारी दी गई थी, तो ऐसे वकील की नियुक्ति क्यों की गई, और यदि जानकारी छिपाई गई, तो क्या सरकार उनके खिलाफ कार्रवाई करेगी? जूली ने चेतावनी दी कि अगर इन सवालों का जवाब नहीं दिया गया, तो यह माना जाएगा कि सरकार की मिलीभगत से लाखों निवेशकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है।

# 8 अप्रैल को ऑटोमाइज्ड तुलाई कांटों का लाइव परीक्षण

## -RFID और VTS से जुड़ेगा खनन परिवहन सिस्टम

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य में खनन क्षेत्र के ऑटोमाइज्ड अधीकृत तुलाई कांटों का 8 अप्रैल से लाइव परीक्षण शुरू किया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव, माइंस एवं पेट्रोलियम अपर्णा अरोरा ने बताया कि माइनिंग सेक्टर में राज्य के खानधारकों और सरकार दोनों के हितों को ध्यान में रखते हुए रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (RFID) सिस्टम लागू करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि पहले चरण में वे-ब्रिज ऑटोमाइजेशन और GPS RFID आधारित व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम (VTS) के मॉड्यूल तैयार कर लिए गए हैं और इन्हें चरणबद्ध तरीके से तुलाई कांटों व खनिज परिवहन वाहनों में लागू किया जा रहा है। साथ ही फील्ड अधिकारियों को अवकाश के दिनों में भी यह कार्य जारी रखने के निर्देश दिए गए हैं। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि राज्य सरकार के उन्नति कार्यक्रम में RFID को शामिल किया गया है और अगस्त तक तुलाई कांटों व खनिज परिवहन वाहनों के ऑटोमाइजेशन का लक्ष्य रखा गया है। समयबद्ध क्रियान्वयन और प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए फील्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। अपर्णा अरोरा ने बताया कि RFID से जुड़े कार्यों की टाइमलाइन तय कर दी गई है। 8 अप्रैल को VTS और GPS सिस्टम का ट्रायल रन किया जाएगा। इसी दिन खनिज अभियंताओं और सहायक खनिज अभियंताओं का ओरिएंटेशन कार्यक्रम भी आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि तुलाई कांटों के ऑटोमाइजेशन और वाहनों में VTS सिस्टम लागू होने से माइनिंग सेक्टर में पारदर्शिता आएगी और व्यवस्था सरल होगी। इससे खानधारकों को लाभ मिलेगा और राज्य सरकार के राजस्व में होने वाली छीजत पर भी रोक लगेगी। अधीक्षण खनिज अभियंता जयपुर एनएस शक्तावत ने बताया कि अतिरिक्त मुख्य सचिव अपर्णा अरोरा जयपुर एसएमई क्षेत्र के चयनित तुलाई कांटे पर ऑटोमाइजेशन कार्य को लाइव करेंगी, जिसके साथ ही ऑटोमाइज्ड कांटों का प्रदर्शन भी शुरू हो जाएगा। अतिरिक्त निदेशक मुख्यालय एवं नोडल अधिकारी RFID महेश माथुर ने बताया कि खनिज अभियंताओं और सहायक खनिज अभियंताओं को सहायक नोडल अधिकारी बनाकर चिन्हित तुलाई कांटों और खनिज परिवहन वाहनों में ऑटोमाइजेशन कार्य समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। हाइब्रिड बैठक में निदेशक माइंस महावीर प्रसाद मीणा, संयुक्त सचिव अरविन्द सारस्वत, विशेषाधिकारी श्रीकृष्ण शर्मा, अतिरिक्त निदेशक आईटी शीतल अग्रवाल सहित अन्य अधिकारियों ने भाग लिया।




# मौसम परिवर्तन पर प्रशासन अलर्ट, आमजन की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। अचानक हुए मौसम परिवर्तन को देखते हुए राज्य में प्रशासन अलर्ट मोड पर है। अतिरिक्त मुख्य सचिव आपदा प्रबंधन, सहायता एवं नागरिक सुरक्षा भास्कर आत्माराम सावंत ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र का दौरा कर स्थिति की समीक्षा की और सभी जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी जनहानि या मकान क्षति की सूचना तत्काल उपलब्ध कराई जाए और प्रभावित लोगों को त्वरित राहत पहुंचाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। भास्कर आत्माराम सावंत ने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि स्थानीय स्तर पर त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जाए और संभावित जोखिम वाले क्षेत्रों में पहले से तैयारी रखते हुए अर्ली वार्निंग सिस्टम का प्रभावी उपयोग किया जाए, ताकि आमजन को न्यूनतम नुकसान हो।

# राजस्थान SI भर्ती 2021 रद्द, हाईकोर्ट ने सिंगल बेंच का फैसला बरकरार रखा

जयपुर। राजस्थान की 2021 सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा को लेकर बड़ा फैसला सामने आया है। राजस्थान हाईकोर्ट की जयपुर बेंच ने अभ्यर्थियों को झटका देते हुए भर्ती रद्द करने के सिंगल बेंच के फैसले को बरकरार रखा है। डिवीजन बेंच ने भी 859 पदों पर हुई इस भर्ती को निरस्त करने का निर्णय सुनाया है। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने सिंगल बेंच के फैसले पर अस्थायी रोक लगाते हुए हाईकोर्ट को मामले का जल्द निपटारा करने का निर्देश दिया था। अब डिवीजन बेंच के इस फैसले के बाद भर्ती प्रक्रिया पर पूरी तरह विराम लग गया है।



**लाखों अभ्यर्थियों को लगा झटका**

इस भर्ती प्रक्रिया में करीब 8 लाख अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। भर्ती रद्द करने की मांग को लेकर असफल अभ्यर्थियों ने लंबे समय तक आंदोलन भी किया। सभी पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने 19 जनवरी को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब सुनाया गया है। इस फैसले से उन अभ्यर्थियों को बड़ा झटका लगा है, जो इस भर्ती के जरिए पुलिस सेवा में जाने की उम्मीद लगाए बैठे थे।

**जांच में सामने आए बड़े खुलासे**

इस मामले की जांच कर रही एसआईटी ने अब तक 60 के करीब चयनित अभ्यर्थियों सहित 110 से अधिक लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ियों और धांधली के कई मामलों का खुलासा हुआ है। राजस्थान लोक सेवा आयोग के कई तत्कालीन सदस्य भी इस मामले में गिरफ्तार होकर जेल जा चुके हैं। हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एसपी शर्मा की अध्यक्षता वाली डिवीजन बेंच ने यह अहम फैसला सुनाया है। इस निर्णय के बाद अब आगे की कार्रवाई और नई भर्ती प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार और संबंधित एजेंसियों के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

# सिवाना के इतिहास को सहेजने की पहल, कुमटाल दुर्ग की तलहटी में बनेगा पैनोरमा



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सिवाना के समृद्ध इतिहास और गौरवशाली विरासत को संरक्षित एवं प्रदर्शित करने की दिशा में राजस्थान सरकार द्वारा महत्वपूर्ण कदम उठाया जा रहा है। राजस्थान धरोहर प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने बालोतरा जिले के सिवाना का दौरा कर प्रस्तावित पैनोरमा स्थल का निरीक्षण किया। दौरे के दौरान ओंकार सिंह लखावत ने कुमटाल दुर्ग की तलहटी में प्रस्तावित पैनोरमा निर्माण की संभावनाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने परियोजना को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूर्ण करने पर विशेष जोर देते हुए प्रारंभिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित कर सिवाना के ऐतिहासिक महत्व, पर्यटन की अपार संभावनाओं और क्षेत्रीय विकास को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना पर चर्चा की गई। मंत्री लखावत ने कहा कि पैनोरमा निर्माण से न केवल सिवाना के इतिहास को नई पहचान मिलेगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा, जिससे स्थानीय रोजगार के अवसर सृजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि परियोजना से जुड़े सभी पहलुओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्यवाही सुनिश्चित की जाए, ताकि सिवाना की ऐतिहासिक विरासत को सहेजने का यह प्रयास जल्द ही धरातल पर नजर आए।

# सिविल डिफेंस सीनियर वॉलंटियर्स कार्निवल का हुआ शुभारम्भ

## -सिविल डिफेंस स्वंयसेवक करते हैं नि:स्वार्थ सेवा- देवनानी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। सिविल डिफेंस सीनियर वॉलंटियर्स कार्निवल में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिविल डिफेंस स्वंयसेवक निःस्वार्थ रूप से सेवा करते है। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स निःस्वार्थ भाव से कार्य करता है। उसके द्वारा जोखिम पूर्ण परिस्थितियों में कार्य किया जाता है। इनके द्वारा सैकड़ों जाने बचाई गई है। आपदा प्रबन्धन के समय सबसे पहले सिविल डिफेंस को याद किया जाता है। सिविल डिफेंस आपदा प्रबन्धन के सम्बन्ध में जनजागरूकता भी पैदा करता है। वर्तमान परिस्थिति को देखते हुए आपदा प्रबन्धन में आधुनिक उपकरणों का भी उपयोग होना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वंयसेवक आपदा प्रभावित व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाकर जान और माल की रक्षा करते है। नागरिक सुरक्षा के सम्बन्ध में विद्यालयों में भी पढ़ाया जाना चाहिए। इससे विद्यार्थियों को आपातकालीन परिस्थियों में किए जाने वाले व्यवहार के बारे में जागरूकता बढ़ेगी। ज्ञातव्य है कि नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन के वरिष्ठ वॉलंटियर्स द्वारा सिविल डिफेंस सीनियर वॉलंटियर्स कार्निवल 2026 का आयोजन शुक्रवार 3 से 5 अप्रैल तक पुष्कर स्थित पुष्कर फोर्ट रिसॉर्ट में किया जा रहा है। इसका विषय जन सुरक्षा की गारंटी रखा गया है। कार्निवल का उद्देश्य नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों, आपदा प्रबंधन विशेषज्ञों, एमएसएमई उद्यमियों तथा आम नागरिकों को एक मंच पर लाकर सुरक्षा, सेवा, प्रशिक्षण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देना है। आयोजन के अंतर्गत देशभर से वरिष्ठ वॉलंटियर्स, अधिकारीगण तथा विशिष्ट अतिथि भाग ले रहे है। कार्निवल के माध्यम से नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन की गतिविधियों को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रीय स्तर पर जन सुरक्षा के प्रयासों को नई दिशा देने का प्रयास किया जाएगा।



# मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना: 37 दिव्यांगों को मिली स्कूटी, आसान होगा जीवन

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना के अंतर्गत शुक्रवार को 37 दिव्यांगों को बधिर उच्च माध्यमिक विद्यालय वैशाली नगर में आयोजित समारोह के दौरान स्कूटी वितरित की गई। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि दिव्यांग व्यक्तियों के किसी अंग में कमी हो सकती है, लेकिन उनकी क्षमताएं सामान्य व्यक्ति से कम नहीं होतीं, बल्कि कई मामलों में अधिक होती हैं। उन्हें सामान्य जीवन उपलब्ध कराने के लिए सरकार निरंतर प्रयास कर रही है और इसी उद्देश्य से मुख्यमंत्री दिव्यांग स्कूटी योजना शुरू की गई है। उन्होंने बताया कि अजमेर जिले के लिए इस योजना के तहत 77 स्कूटी का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। उन्होंने कहा कि स्कूटी मिलने से दिव्यांगों का जीवनयापन आसान होगा। वे रोजगार के अवसरों तक पहुंच सकेंगे और सम्मान के साथ जीवन जी पाएंगे। बधिर विद्यालय द्वारा जनसहयोग से मानवता के लिए किया जा रहा कार्य सराहनीय है। मानव सेवा सबसे बड़ी सेवा है और प्रत्येक व्यक्ति को सहृदयता के साथ सहयोग की भावना रखनी चाहिए। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक जय प्रकाश ने बताया कि इस योजना के तहत शुक्रवार को 37 दिव्यांगों को लाभान्वित किया गया है, जबकि इससे पहले 40 स्कूटियां वितरित की जा चुकी हैं। सभी 77 स्कूटियों में दो अतिरिक्त पहिए जोड़े गए हैं और लाभार्थियों को हेलमेट भी प्रदान किए गए हैं।




## आवश्यक नम्बर

रॉयल पत्रिका

| बिजली फॉल्ट के लिए | |
|---|---|
| टोल फ्री नंबर | 18001806507 |
| वॉट्सएप नंबर | 9414037085 |
| कस्टमर केयर | 2203000 |
| आईवीआरएस | 1912 |
| **कचरा गाड़ी के लिए** | |
| ग्रेटर | 2747400 |
| सीवरेज लीकेज | 2607500 |
| हेरिटेज | 2607500 |
| टोल फ्री नंबर | 14420 |
| **पुलिस की मदद के लिए** | |
| साइबर क्राइम | 1930/2360094 |
| कंट्रोल रूम | 2388435/36/37/38 |
| ट्रैफिक कंट्रोल रूम | 2565630 |
| चाइल्ड हेल्पलाइन | 1098 |
| महिला हेल्पलाइन | 1090 |
| मुख्यमंत्री पोर्टल | 181 |

| पानी के लिए | |
|---|---|
| जलदाय कार्यालय | 2706624 |
| फायर ब्रिगेड | 2747400 |
| **मेडिकल इमरजेंसी के लिए** | |
| एंबुलेंस | 102/108 |
| एसएमएस इमरजेंसी | 2518333 |
| महिला चिकित्सालय | 22610616 |
| जनाना हॉस्पिटल | 22378721 |
| SDMH | 22574189 |
| SMS ब्लड बैंक | 22518222 |
| कल्याण ब्लड बैंक | 22721771 |
| **घायल पशुओं के लिए** | |
| नगर निगम | 2747400 |
| बर्ड बाइक | 9887345580 |
| हेल्प इन सफरिंग | 8107299711 |
| जनमंच ट्रस्ट | 7230055800 |
| पशु चिकित्सालय | 2747400 |

# हज यात्रियों को मिल रही है रोज़ाना ट्रेनिंग- मौलाना वली मोहम्मद शेरी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। हज कैंपों से वंचित रहने वाले हज यात्रियों के लिए ख्वाजा नगर अमृतपुरी की नूरानी मस्जिद में हज ट्रेनिंग कैंप की विशेष व्यवस्था की गई है जिसमें रोजाना दो घंटे हज के मुकद्दस सफर पर जाने वालों को ट्रेनिंग दी जा रही है। ख्वाजा नगर अमृतपुरी नूरानी मस्जिद के खतीबो इमाम मौलाना काज़ी वली मोहम्मद शेरी की ओर से ये व्यवस्था नूरानी मस्जिद में है। ईद के 10 दिन बाद 30 मार्च से शुरू हुआ ये कार्यक्रम पूरे 40 दिन चलेगा जिसमें रोजाना उलामा ए अहले सुन्नत व विशेषज्ञ हज यात्रियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। रोजाना सुबह 9 बजे से 11 बजे तक चलने वाले इस ट्रेनिंग कार्यक्रम में मौलाना काज़ी वली मोहम्मद शेरी खुद हाजियों को हज व उमरा का तरीका पूरे विस्तार के साथ बयान करते हैं और काबा शरीफ का मॉडल सामने रख कर प्रैक्टिकल तौर पर हज व उमरा के अरकान बता रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रैक्टिकल ट्रेनिंग से हज यात्री बहुत जल्द ट्रेंड हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेनर्स की कोशिश रहती है कि हज यात्रियों को हज के तमाम मसाइल की जानकारी मिल जाए और उनको एक-एक चीज़ याद हो जाए। दारुल उलूम फैज़ाने औलिया आमेर के सरबराहे आला अताए हुजूर हाफिज़े मिल्लत हज़रत अल्लामा कारी ऐहतेराम आलम अजीजी मिस्बाही ने हज यात्रा के दौरान मदीना शरीफ में ताजदारे कायनात की बारगाह में बा अदब हाज़री के नियम तथा आदाब बताये। कैंप के आयोजक हाजी आकिल अहमद व हाजी मोहम्मद जावेद अन्सारी, मोइनुद्दीन अन्सारी, मोहम्मद तौसीफ पटेल अन्सारी, हाजी जुल्फिकार अली अन्सारी, हाजी हबीब हुसैन,मोहम्मद आरिफ अन्सारी हाजी सय्यद मोहम्मद अली, हाजी सैय्यद मेहबूब अली ने बताया कि ये कैंप अन्जुमन मुहिब्बाने अहले बैत संस्था के तत्वाधान में लगाया जाता है साथ ही हजरत मौलाना गुलाम मोइनुद्दीन कादरी ने हुज्जाजे किराम व हज्जन साहेबात को बताया कि ऐहराम की हालत में जो बातें हराम हैं उन से बचना जरूरी है और साथ ही हृदय के अन्दर परिवर्तन के लिए हज के विशेष लक्ष्य पर भी पूरा ध्यान केंद्रित करने की अपील की गई। कैम्प में हज गाइड किताबें भी मुफ्त वितरित की गईं। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में हजरत अल्लामा ज़ाहिद हुसैन नूरी, हजरत अल्लामा सय्यद शेर अली मदनी, हजरत अल्लामा सय्यद फहीम अहमद असदक़ी, हजरत मौलाना मोहम्मद अकरम रज़ा, मोहम्मद हनीफ खाँ नूरी, आदि ने शिरकत की। कार्यक्रम की सरपरस्ती हजरत मुफ्ती अब्दुल सत्तार साहब रजवी मुफ्ती ए शहर ने की अंतिम दुआ हजरत कारी ऐहतेराम आलम साहब मिस्बाही ने की दोपहर में हाजियों को भोजन के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।



# जैसलमेर में वरिष्ठ पत्रकार के खिलाफ प्रशासनिक निरंकुशता के विरोध में जयपुर में 7 वें दिन भी पत्रकारों का धरना जारी



जयपुर/चूरू (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर प्रशासनिक निरंकुशता को लेकर पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे का 7 वें दिन भी धरना जारी हैं। एक प्रशासनिक अधिकारी के काले कारनामों को छुपाने के लिए सरकार के भी हठधर्मिता पर उतर आई हैं। जिसके परिणाम स्वरूप सरकार अभी तक वार्ता करने की पहल तक नहीं कर रही हैं। जिसे लेकर आज धरना स्थल पर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। पत्रकार संगठन आईएफडब्ल्यूजे के प्रदेश अध्यक्ष उपेंद्र सिंह ने सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि संगठन सरकार से सकारात्मक बातचीत करने हेतु पहले दिन से ही तैयार हैं पर शायद सरकार खुद नहीं चाहती कि ये धरना समाप्त हो। राठौड़ ने कहा कि धरना शुरू होने के बाद सरकार ने जैसलमेर कलेक्टर का तबादला तो कर दिया। लेकिन कलेक्टर ने जैसलमेर रहते हुए जिस तरह के कारनामे किए हैं, उसके अनुसार उन्हें सजा दी जानी चाहिए थी, उसकी जगह उन्हें वित्त विभाग में महत्वपूर्ण पोस्टिंग देकर सरकार ने अपनी ही जीरो टॉलरेंस की नीति की खुलेआम धज्जियां उड़ाई हैं। जिस कलेक्टर के विरुद्ध प्रदेशभर के पत्रकारों में जबरदस्त आक्रोश हैं, जिसके विरुद्ध जैसलमेर की आमजनता में गजब का गुस्सा हैं, जिसके विरुद्ध पर्यावरण प्रेमी सड़क पर उतर आए, उस कलेक्टर में आखिर कौनसी खासियत हैं, जो सिर्फ सरकार को ही नजर आ रही हैं, आमजन को नहीं?

# मुस्ताक खान को बीकानेर शहर व देहात के जिला सह प्रभारी बनने पर चूरू पहुंचने पर किया स्वागत



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय से राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सचिव मुस्ताक खान को बीकानेर शहर व बीकानेर देहात जिला सहप्रभारी बनाने पर कांग्रेस जनों द्वारा चूरू पहुंचने पर फूल मालाओं से स्वागत किया गया और हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर विनोद कुमार सैनी, नेमीचंद पापटान, डॉ. अख्तर खान, दीपक सिंधी, राकेश कुमार आदि उपस्थित रहे। मुस्ताक खान ने कहा की हमारे लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा द्वारा दी गई इस नई जिम्मेदारी के लिए मे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और कांग्रेस पदाधिकारीयों के साथ संवाद कर कांग्रेस पार्टी को और मजबूती प्रदान करने के प्रयास करूंगा। ओर सभी मित्रों एवं चूरू के कांग्रेसजनो का मुझे शक्ति, प्रेरणा और अपार समर्थन देने के लिए। मैं आपका आभारी रहूंगा।

# जिला अस्पताल महवा का भूमि पूजन 33/11 केवी जीएसएस का लोकार्पण समलेटी में

## -कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा विधायक राजेंद्र मीणा सहित अन्य अतिथि रहेंगे मौजूद

**शफीक अली**



महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा जिला चिकित्सालय महवा का भूमि पूजन व 33/11 केवी जीएसएस का लोकार्पण रविवार को दोपहर 1:00 बजे कैबिनेट मंत्री डॉक्टर किरोड़ी लाल मीणा विधायक राजेंद्र मीणा सरपंच रचना मीणा पंचायत समिति सदस्य सपना मीणा सहित अन्य अतिथियों द्वारा भाजपा कार्यकर्ता पंच पटेलो सहित आमजन की उपस्थिति में किया जाएगा। विधायक राजेंद्र मीणा ने बताया कि दिनांक 05 अप्रैल (रविवार) को दोपहर 01 बजे ग्राम समलेटी में आयोजित जिला अस्पताल महवा का भूमि पूजन शिलान्यास, 33/11 केवी जीएसएस का लोकार्पण एवं 4 व 5 अप्रैल को सुड्डा दंगल कन्हैया दंगल ढांचा दंगल सांस्कृतिक कार्यक्रम में आप सभी अधिक से अधिक संख्या में पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आदरणीय कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना रहेंगे। उक्त कार्यक्रम में आप सभी महुवा विधानसभा क्षेत्र के पंच पटलो आमजन सहित गणमान्य नागरिकों भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारी को आमंत्रित किया गया है उक्त कार्यक्रम में सभी लोगों को पधारने का अनुरोध किया गया है।

# नवांकुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10 वीं 12 वीं के शानदार परिणाम पर विद्यार्थियों का सम्मान समारोह

**मोहम्मद अली पठान**




चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर अगुना मोहल्ला स्थित नवांकुर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में 10 वीं 12 वीं का शानदार परिणाम रहा संस्था मैं आज छात्र-छात्राओं को मेंमोन्टो देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयूब खान रि. एडिशनल एसपी द्वारा विद्यार्थीयों को मोटिवेशनल स्पीच देकर प्रोत्साहित किया)। आपने कहा शिक्षा में परिणाम आपकी मेहनत का प्रतिबिंब है सफल होने वाले बच्चों को हार्दिक बधाई लेकिन जो पीछे रह गए वह निराश ना हो याद रखें एक मार्कशीट और मोमेंटो ही आपका भविष्य तय नहीं करता असली विजेता वही है जो गलतियो से सीख कर फिर से खड़ा हो। कड़ी मेहनत करें और आत्मविश्वास ही आपकी सफलता की असली कुंजी है। निरंतर प्रयास करते रहे। जीत अवश्य आपकी होगी और मैं सभी के उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं। संस्था के डायरेक्टर मोहम्मद रमजान खान ने अतिथियों का स्वागत किया । और शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर परिणाम रहने पर स्कूल स्टाफ और अभी भावको का आभार व्यक्त किया। और कहा हम विश्वास दिलाते हैं की बच्चों का भविष्य संवारने के लिए हम और बेहतर परिणाम के साथ मेहनत करेंगे। उपस्थित गण चंद्रकला, उर्मिला, बंदिया कुमारी, रेखा कुमारी, सरिता देवी, सुनीता कुमारी, चंदा कुमारी, रचना कुमारी माया देवी, वंदना कुमारी, चंद्रकला राजपूत, तालिब अहमद, नेहा कुमारी आदि। कार्यक्रम का सफल संचालन लुकमान खान ने किया।

# रियाजत खान को झुंझुनू जिला कांग्रेस का सह प्रभारी नियुक्त किया



चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर कांग्रेस वरिष्ठ नेता रियाजत खान को झूंझुनू जिला कांग्रेस का सह प्रभारी बनाये जाने पर ईदगाह मोहल्ला निवासियों द्वारा उनके निवास स्थान पर जाकर पुष्प हार पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर रिटायर्ड थानेदार अनवर खान, फुटवाल संघ जिला अध्यक्ष शकील दुर्रानी, बुजुर्ग आशाराम प्रजापत, हीरालाल प्रजापत, भगवाना राम प्रजापत, अमन ट्रस्ट के उस्मान अंसारी, कौम कुरैशीयान के सदर सत्तार खोकर, सलीम पावटे, अब्दुल हक, मोहम्मद अली, फारुक अंसारी, विश्वनाथ जांगीड, राकेश शर्मा, आरिफ खान रिसालदार, विजेन्द्र सैनी, सद्दाम अंसारी आदी नागरिक जनों द्वारा फूलमालाओं से स्वागत किया गया। इस अवसर पर रियाजत खान ने राजस्थान कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गौविंद सिंह डोटासरा एवं शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया! और कहा पार्टी ने जो मुझे जिम्मेदारी सोपी है मैं उसको ईमानदारी और लगन, मेहनत के साथ निर्वाह है करूंगा। और सभी आए हुए कांग्रेस जनों का आभार व्यक्त किया।

# 'दिशा' की बैठक में गोशालाओं को जल्द अनुदान देने पर बल

## -समर कंटेंजेंसी प्लान तैयार कर पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश
## -कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत व सांसद पीपी चौधरी हुए शामिल

**मोहम्मद यासीन**




पाली (रॉयल पत्रिका)। जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा- DISHA) पाली की बैठक शनिवार को जिला परिषद सभागार में पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत के मुख्य आतिथ्य व सांसद पीपी चौधरी की अध्यक्षता में हुई। करीब छह घंटे तक चली इस मैराथन बैठक में कैबिनेट मंत्री कुमावत व सांसद पीपी चौधरी ने जिले की विकास योजनाओं की समीक्षा कर महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में सांसद पीपी चौधरी ने कहा कि 'दिशा' समिति का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की योजनाओं का जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। सांसद चौधरी ने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ काम करने और केंद्र सरकार की योजनाओं (जैसे जल जीवन मिशन, पीएम आवास, मनरेगा) का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुँचाने की हिदायत दी। कैबिनेट मंत्री कुमावत ने केंद्र और राज्य सरकारों के बीच बेहतर तालमेल बिठाने पर जोर दिया ताकि योजनाओं की जानकारी साझा की जा सके और विकास कार्य बाधित न हों। कुमावत ने जिला स्तरीय अधिकारियों आगामी गर्मियों को देखते हुए पीएचईडी विभाग को समर कंटेंजेंसी प्लान तैयार कर पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग पीडब्ल्यूडी की योजनाओं, सड़कों की गुणवत्ता और रोड कटिंग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की। मंत्री ने डिस्कॉम को गर्मी के दौरान निर्बाध बिजली आपूर्ति बनाए रखने और ढीले लटकते तारों व पोल का सर्वे कर उन्हें ठीक करने को कहा। उन्होंने शिक्षा विभाग को खेल मैदानों के प्रस्ताव तैयार करने और क्षतिग्रस्त स्कूलों की सूची उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा राजस्थान के अब तक प्रस्तुत किए गए तीन बजट की घोषणाओं के तहत संचालित विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पिछले दो बजट की लगभग 90 फीसदी घोषणाएं पूरी हो गई हैं। अब बजट वर्ष-2026-27 तथा शेष रही 10 फीसदी बजट घोषणाओं को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। कुमावत ने गोशालाओं को जल्द से जल्द अनुदान जारी करने के लिए पाली जिले की गौशालाओं के भौतिक सत्यापन का कार्य 2 अप्रेल से प्रारंभ कर दिया गया है। इसके बाद जल्द ही जिला गोपालन समिति की बैठक आयोजित कर गोशालाओं को अनुदान जारी करने के प्रयास किए जाएंगे। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. रवींद्र गोस्वामी, पाली प्रधान प्रतिनिधि पुखराज पटेल, पाली विधायक भीमराज भाटी, दिशा के सदस्य जोगाराम कुमावत, सालोदरिया सरपंच पर्वत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भंडारी, मारवाड़ जंक्शन के विधायक केसाराम चौधरी, सोजत सिटी की विधायक शोभा चौहान सहित विभिन्न विभागों के जिला एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# बलाई विकास समिति ने 12 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर जयंती मनाने का लिया निर्णय



चौमूं (रॉयल पत्रिका) शहर के मोरीजा रोड स्थित बलाई सभा-भवन पर शुक्रवार को बलाई विकास समिति जयपुर मुख्यालय-चौमूं के अध्यक्ष एडवोकेट बद्रीनारायण परिहार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। समिति के महासचिव सुरेन्द्र सिंह हरसोलिया ने बताया कि आगामी 14 अप्रैल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वी जयंती की पूर्व संध्या पर 12 अप्रैल को बलाई समाज सभा-भवन के सामने भारतरत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया गया। इस अवसर पर समिति के उपकोषाध्यक्ष नानग राम लुनीवाल, उपमहासचिव हनुमान सहाय झाटीवाल, सचिव राजेन्द्र प्रसाद काला, प्रहलाद राय जाटावत, फूलचंद सिंघल, श्रवण कुमार नारनोलिया आदि मौजूद रहे।

# नव नियुक्त जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने संभाला पदभार

## -सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाना प्राथमिकता



चित्तौड़गढ़ (रॉयल पत्रिका) । चित्तौड़गढ़ जिले की नव नियुक्त जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मंजू ने शुक्रवार सायं 5:15 बजे शुभ मुहूर्त में कलेक्ट्रेट कार्यालय में विधिवत रूप से पदभार ग्रहण किया। पूर्व डॉ. मंजू उदयपुर में जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं गंगानगर में जिला कलक्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुकी हैं। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने अधिकारियों से संक्षिप्त चर्चा करते हुए जिले के विकास एवं प्रशासनिक प्राथमिकताओं पर अपने विचार साझा किए। इस अवसर पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए जिला कलक्टर ने कहा कि राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ जिले के प्रत्येक पात्र गरीब एवं आमजन तक पहुँचाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं को प्रभावी रूप से धरातल पर लागू करना, प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुगम बनाना तथा आमजन के कार्यों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। पदभार ग्रहण करने के पश्चात जिला कलक्टर ने कलक्ट्रेट के समिति कक्ष में जिला स्तरीय अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात जिला कलक्टर ने जिला कलक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया तथा वहां संचालित कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शाखा प्रभारियों से कार्यालयीन कार्यों, लंबित प्रकरणों एवं नागरिक सेवाओं से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा भी की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) प्रभा गौतम, प्रशिक्षु आईएएस रविंद्र मेघवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विनय पाठक, अतिरिक्त जिला कलक्टर रामचंद्र खटीक, रावतभाटा के अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद मल्होत्रा, उपखंड अधिकारी बीनू देवल, यूआईटी सचिव कैलाश चंद्र गुर्जर, कलेक्ट्रेट के कार्यालय अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# परशुराम जयंती व प्रतिभा सम्मान समारोह को लेकर महवा ब्राह्मण समाज की बैठक

महवा (रॉयल पत्रिका)। महवा उपखंड मुख्यालय के पुरानी तहसील रोड स्थित ब्राह्मण धर्मशाला मैं परशुराम जयंती की के अवसर पर भगवान परशुराम जी की शोभा यात्रा निकाली जाने व ब्राह्मण समाज की प्रतिभाओं के सम्मान समारोह को लेकर रविवार को सायं 4:30 बजे ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की जाएगी। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ताराचंद शर्मा ने बताया कि रविवार को सायं 4:00 बजे ब्राह्मण धर्मशाला तहसील रोड महवा पर ब्राह्मण समाज की मीटिंग रखी गई है जिसमें ब्राह्मण समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं व प्रतिभाओं का सम्मान समारोह भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा निकाले जाने सहित अन्य मुद्दों पर ब्राह्मण समाज बंधुओ से मीटिंग में चर्चा की जानी है। अतः सभी ब्राह्मण बंधुओ से निवेदन है कि मीटिंग में अवश्य पधारने की कृपा करें।

# पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में पार्टी के लिए प्रचार के लिए सलमान रंगरेज पर्यवेक्षक नियुक्त



सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका) भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से राजस्थान युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सलमान खान रंगरेज को पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के लिए मानिकचक 49- विधानसभा चुनाव क्षेत्र में पर्यवेक्षक की जिम्मेदारी सौंपे जाने पर अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष एम डी चोपदार व अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी का रंगरेज ने आभार प्रकट किया साथ ही पार्टी के लिए बेहतर कार्य करने का भरोसा जताया।

# बनेडा थाना की लगातार कार्यवाही पुलिस ने चोरी हुआ ट्रक किया बरामद, CCTV फुटेज से मिली सफलता

**इकबाल शाह बनेड़ा**



बनेडा (रॉयल पत्रिका)। बनेडा थाना क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों द्वारा चोरी किए गए ट्रक को पुलिस ने सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। थाना अधिकारी बछराज चौधरी ने बताया की इस कार्रवाई में करीब 50 किलोमीटर के दायरे में 40 अलग-अलग स्थानों के 100-150 CCTV फुटेज खंगालने के बाद लगातार पुलिस को सफलता मिली। प्रकरण के अनुसार, 31 मार्च 2026 को प्रार्थी मनोज खटीक निवासी निम्बेंडा, थाना फागी (जयपुर ग्रामीण) ने सूचना दी कि वह जयपुर से ट्रक (नंबर RJ 47 GA 7057) में माल भरकर रामपुरिया नाकोड़ा ईंट फैक्ट्री पहुंचा था। ट्रक को फैक्ट्री के बाहर खड़ा कर वह अंदर चला गया। करीब 1-2 घंटे बाद लौटने पर ट्रक गायब मिला। घटना की सूचना पर बनेडा थाना अधिकारी बछराज चौधरी मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद डीएसटी भीलवाड़ा टीम के सहयोग से टोल नाकों, CCTV कैमरों और तकनीकी सहायता के आधार पर ट्रक की तलाश शुरू की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अहिंसा सर्कल, जित्या खेड़ी चौराहे के पास ट्रक को डिटेन कर बरामद कर लिया। इस संबंध में बनेडा थाने में प्रकरण संख्या 57/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल आरोपियों की तलाश जारी है और मामले में आगे की जांच की जा रही है।

**पुलिस टीम:-**

इस कार्रवाई में थानाधिकारी बछराज चौधरी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम में कृष्णगोपाल, चन्द्रपाल सिंह (साइबर सेल भीलवाड़ा), अनिल कुमार, हरवीर, पवन, रामावतार एवं मुकेश कुमार सेवदा शामिल रहे।

# एनर्जी मिक्स से करें ऊर्जा की दीर्घकालिक मांग का समुचित प्रबंधन -केन्द्रीय विद्युत सचिव

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। केन्द्रीय विद्त मंत्रालय के सचिव पंकज अग्रवाल ने दीर्घकालिक ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए विभिन्न ऊर्जा स्रोतों के मिश्रण (एनर्जी मिक्स) पर आधारित परियोजनाओं को गति देने के निर्देश प्रदेश के विद्त निगमों को दिए हैं। उन्होंने कहा कि नवीकरणीय एवं गैर नवीकरणीय स्रोतों की बंडलिंग से राज्य में ऊर्जा की बढ़ती मांग का बेहतर प्रबंधन किया जा सकता है। केन्द्रीय विद्त सचिव शनिवार को विद्त भवन में राज्य के एनर्जी सेक्टर से संबंधित विषयों पर ऊर्जा विभाग एवं विद्त निगमों के वरिष्ठ अधिकारियों से फीडबैक ले रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पीएम-कुसुम योजना के माध्यम से विकेन्द्रित सौर ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा मिला है। केन्द्रीय विद्त सचिव ने कहा कि डिसेन्ट्रलाइज सोलर परियोजनाएं विकसित होने के बाद ग्रिड में उत्पादित सौर ऊर्जा के इंटीग्रेशन की चुनौती भी पैदा हो रही है। ऐसे में वितरण निगम ग्रिड स्थिरता की दिशा में स्वयं को बेहतर तरीके से तैयार करें। उन्होंने पीक ऑवर्स में बिजली की निर्बाध आपूर्ति के लिए बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली सहित अन्य परियोजनाओं को समय पर विकसित करने पर जोर दिया। केन्द्रीय विद्त सचिव ने राज्य के 24 जिलों में कृषि क्षेत्र को दिन में सप्लाई, लॉस रिडक्शन, आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत स्मार्ट मीटर की प्रगति, रिसोर्स एडीक्वेसी प्लान आदि पर चर्चा की। उन्होंने प्रदेश में ट्रांसमिशन परियोजनाओं के विस्तार, एसटीयू नेटवर्क पर नवीकरणीय ऊर्जा की कनेक्टिविटी आदि की भी जानकारी ली। इस अवसर पर रूरल इलेक्ट्रिफिकेशन कारपोरेशन (आरईसी) के सीएमडी जितेन्द्र श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। ऊर्जा विभाग की शासन सचिव सुश्री आरती डोगरा ने केन्द्रीय विद्त सचिव को अवगत कराया कि पीएम कुसुम में अब तक करीब 3800 मेगावाट क्षमता की परियोजनाएं स्थापित हो चुकी हैं। उन्होंने जयपुर, अजमेर एवं जोधपुर विद्त वितरण निगम द्वारा लॉस रिडक्शन की दिशा में किए जा रहे कार्यों की भी जानकारी दी। राजस्थान अक्षय ऊर्जा निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक रोहित गुप्ता, राजस्थान विद्त प्रसारण निगम के प्रबंध निदेशक सिद्धार्थ सिहाग, उत्पादन निगम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक देवेन्द्र श्रृंगी ने भी केन्द्रीय सचिव को संबंधित विषयों से अवगत कराया। इस दौरान केन्द्रीय विद्त मंत्रालय के संयुक्त सचिव (वितरण) शशांक मिश्रा सहित केन्द्रीय विद्त मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।




**सूचना**

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# मोदी एक्सीलेंस टेस्ट के टॉप 5 विद्यार्थियों को मिले फ्री लैपटॉप

## -हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर मोदी वर्ल्ड स्कूल में प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

झुंझुनूं (रॉयल पत्रिका)। मोदी वर्ल्ड स्कूल, विज्डम सिटी के YES (यंग एंटरप्रेन्योर स्कूल) प्रोग्राम के अंतर्गत आयोजित MET (मोदी एक्सीलेंस टेस्ट) के प्रथम चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय द्वारा कुल 5 मेधावी छात्रों को फ्री में लैपटॉप प्रदान किए गए, जिससे विद्यार्थियों में नया उत्साह और प्रेरणा का संचार हुआ। लैपटॉप प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में कक्षा 9 से देवांशी शर्मा, निशिता सैनी, करण काजला तथा कक्षा 11 से कनक अग्रवाल एवं यतिश शामिल रहे। इन सभी विद्यार्थियों ने मोदी एक्सीलेंस टेस्ट में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। यह पुरस्कार वितरण समारोह हनुमान जयंती के पावन अवसर पर आयोजित किया गया, जिसमें विद्यालय के चेयरमैन डॉ. दिलीप मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी, डायरेक्टर आकाश मोदी एवं गरिमा मोदी, छात्रावास निदेशक कुरड़ाराम धींवा, प्रिंसिपल डॉ. रवि शंकर शर्मा, वाइस प्रिंसिपल सरोज सिंह, हैड-मिस्ट्रेस उमा शर्मा, एडमिशन डायरेक्टर श्याम सुंदर शर्मा, प्रशासक कमलेश कुलहरि, यस कॉडिनेटर मोहित शाह एवं अध्यापक अध्यापिकाएं उपस्थित थे। स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी




ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मोदी एक्सीलेंस टेस्ट-2026 एक प्रतियोगी परीक्षा है जो छात्रों को मुफ्त लैपटॉप जीतने का मौका देती है, जो मार्च 2026 (8,15,22 और 29 तारीख) में आयोजित की जा चुकी है और आगे भी जारी रहेगी। यह परीक्षा छात्रों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित करने और डिजिटल संसाधन प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की जाती है। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने यह भी कहा कि मोदी एक्सीलेंस टेस्ट के द्वितीय चरण में भी विद्यार्थियों को लैपटॉप देकर सम्मानित किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक छात्र इस प्रतियोगिता में भाग लेने और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित हों। विद्यालय परिवार ने सभी विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# श्रीगंगानगर में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद की व्यवस्थाएं करें सुनिश्चित

## -बैठक में जिला कलक्टर ने खरीद एजेंसियों को दिए आवश्यक निर्देश

श्रीगंगानगर (रॉयल पत्रिका)। जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद को लेकर शुक्रवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। इस दौरान जिला कलक्टर ने एफसीआई सहित अन्य एजेंसियों को खरीद शुरू होने से पूर्व आवश्यक व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश दिये।



जिला कलक्टर ने कहा कि एफसीआई, तिलम संघ, एनसीसीएफ तथा आरएसएफसीएससी द्वारा खरीद शुरू होने से पहले आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। कृषि उपज मंडी समिति अधिकारियों द्वारा भी खरीद से संबंधित तैयारियां पूर्ण रखी जायें ताकि परेशानी नहीं आये। उन्होंने बारदाना, परिवहन, उठाव एवं भण्डारण सहित खरीद संबंधी समस्त व्यवस्थाएं पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुसार जिले में समर्थन मूल्य पर खरीद सुचारू रूप से की जाये। बैठक में अवगत करवाया गया कि केन्द्र सरकार द्वारा गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित है। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा खरीद पर 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस घोषित किया गया गया है। न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद 30 जून 2026 तक की जायेगी। गेहूं खरीद हेतु खाद्य विभाग की वेबसाईट (http://food.rajasthan.gov.in) पर गेहूं खरीद हेतु किसान रजिस्ट्रेशन उपलब्ध है। एमएसपी पर गेहूं खरीद हेतु ऑनलाईन पंजीकरण खाद्य विभाग जयपुर के पोर्टल पर 1 फरवरी से आरम्भ है। 25 जून 2026 तक ऑनलाइन पंजीकरण किया जा सकता है। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) सुभाष कुमार, एडीएम सतर्कता श्रीमती रीना, प्रशिक्षु आईएएस श्रीमती अदिति यादव, जिला रसद अधिकारी श्रीमती कविता सिहाग, सुरजीत कुमार, हरिसिंह, दीपक कुक्कड़, श्रीमती पूजा अग्रवाल, धर्मपाल पूनिया, श्री महिपाल माली, एफसीआई, तिलम संघ, एनसीसीएफ तथा आरएसएफसीएससी के अधिकारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायतों में जाकर साफ-सफाई व स्वच्छता गतिविधियों की स्थिति का जायजा लिया

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत गुरूवार को जिलें में स्वच्छता गतिविधियों एवं साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय स्वच्छता का निरीक्षण किया गया। जिला स्तर से अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी ग्रामीण विकास, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंचायती राज, जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन, अतिरिक्त विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी जिला परिषद सवाई माधोपुर अधिकारी ने ग्राम पंचायतों में जाकर साफ-सफाई व स्वच्छता गतिविधियों की स्थिति का जायजा लिया।



शैलेन्द्र सिंह, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, ग्रामीण विकास एवं डॉ. सरोज बैरवा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी पंचायती राज जिला परिषद सवाई माधोपुर द्वारा संयुक्त रुप से पंचायत समिति चौथ का बरवाड़ा की ग्राम पंचायत खिजुरी, रवाजना चौड में स्वच्छता गतिविधियों यथा प्रतिदिन घर-घर कचरा संग्रहण, सड़क व नालियों की सफाई, सामुदायिक शौचालय एवं विद्यालयों मे निर्मित शौचालयों की साफ-सफाई, पिंक टॉयलेट्स, आंगनबाड़ी केन्द्रो पर स्थित शौचालय, पुराने कचरें के ढ़ेर आदि सहित समस्त स्वच्छता गतिविधियों की स्थिति का निरीक्षण करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायतों में स्वच्छता मानकों के अनुरुप साफ-सफाई नही पाई गई। ग्राम पंचायतों द्वारा स्वच्छता गतिविधियों को नजरअंदाज किया जा रहा है।

**कार्यवाही के आदेश :-**

ग्राम पंचायतों में साफ-सफाई एवं स्वच्छता गतिविधियों को प्राथमिकता से नही लेने एवं ग्राम पंचायत अधिकारी व कार्मिकों द्वारा लापरवाही बरतने पर ग्राम विकास अधिकारी खिजुरी व रवाजना चौड को 17 सीसीए के तहत चार्जशीट, संबंधित कलस्टर के ब्लॉक स्तरीय स्वच्छता प्रभारियों एवं पंचायत समिति विकास अधिकारी को 17 सीसीए के तहत कारण बताओं नोटिस तथा ब्लॉक कॉर्डिनेटर स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को कारण बताओं नोटिस जारी किये जाने हेतु जिला परियोजना समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण को निर्देशित किया गया।

# गेहूं खरीद को लेकर बैठक, स्लॉट बुकिंग व भुगतान व्यवस्था पर चर्चा



हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। शासन सचिव अम्बरीष कुमार द्वारा सचिव, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों एवं मंडी सचिव के साथ वीसी के माध्यम से बैठक आयोजित कर गेहूं खरीद की व्यवस्थाओं की समीक्षा की गई। बैठक में स्लॉट बुकिंग प्रणाली पर विस्तृत चर्चा करते हुए बताया गया कि किसान निर्धारित समयावधि में अपना गेहूं मंडी में ला सकेंगे और उन्हें किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी। स्लॉट बुकिंग के बाद किसान 8 से 12 दिनों के भीतर अपनी उपज मंडी में लेकर आ सकते हैं। बैठक में जिला कलेक्टर डॉ. खुशाल यादव ने बताया कि किसानों द्वारा लाए गए गेहूं का भुगतान 24 घंटे के भीतर सुनिश्चित किया जाएगा। सीमावर्ती राज्यों से अवैध आवक रोकने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और एसडीएम स्तर पर चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। साथ ही मंडी में बारदाना उपलब्ध है तथा आवश्यकता अनुसार इसकी निरंतर आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जिला प्रशासन ने एजेंसियों के कार्मिकों, हैंडलिंग एवं ट्रांसपोर्ट एजेंटों को मंडी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। वहीं एफसीआई को गेहूं उठाव के बाद भंडारण के लिए पर्याप्त गोदाम व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हो सके।

# नवनियुक्त जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने संभाला पदभार

सीकर (रॉयल पत्रिका)। आशीष मोदी ने शनिवार को जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, सीकर का पदभार ग्रहण किया। मोदी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जयपुर के निदेशक पद से स्थानांतरित होकर सीकर आएं है। इससे पूर्व जिला पुलिस विभाग द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जिले में प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं संवेदनशील निराकरण उनकी प्रथम प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के विजन के अनुसार कार्य करते हुए जिले को आगे बढ़ाया जायेगा। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन तथा फ्लेगशिप योजनाओं में गति लाने के साथ ही आमजन तक इनका लाभ पहुंचाया जायेगा। उन्होंने जिला स्तरीय अधिकारियों से संवाद कर जिले की वर्तमान स्थिति का फीडबैक प्राप्त किया तथा आवश्यक निर्देश प्रदान किए। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर रतन कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) भावना शर्मा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजपाल यादव,एसीईओ जिला परिषद शीशराम यादव, यूआईटी सचिव जेपी गौड़, एसडीएम निखिल कुमार, उपखण्ड अधिकारी रींगस बृजेश गुप्ता, सहायक निदेशक



जनसम्पर्क पूरण मल, उप निदेशक सांख्यिकी डॉ. अनिल शर्मा, जिला साक्षरता अधिकारी चन्द्र प्रकाश महर्षि, सहायक निदेशक प्रशासनिक सुधार विभाग इंदिरा शर्मा, नगर परिषद आयुक्त शशिकांत शर्मा, जिला रसद अधिकारी विजेन्द्र पाल सहित जिला कलेक्टर के अतिरिक्त निजी सचिव सर्वेश माथुर, सूचना सहायक सांवर मल सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। इससे पूर्व नवनियुक्त जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने खाटूश्यामजी पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में दर्शन किए। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर जिले में सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री श्याम मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेंद्र सिंह चौहान ने नवनियुक्त जिला कलेक्टर का श्याम दुपट्टा ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने मंदिर व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जिला प्रशासन की ओर से हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

## भोपाल में 3 लाख से अधिक व्यवसायों ने जस्टडायल के डिजिटल डिस्कवरी टूल्स के साथ तेज़ी से किया विकास

**भोपाल ।** हेल्थकेयर, होम सर्विसेज़ एवं ट्रैवल में लगातार विकसित होते उद्यमों के साथ भोपाल में छोटे एवं मध्यम व्यवसाय डिजिटल डिस्कवरी प्लेटफॉर्म्स का उपयोग कर मार्केट में अपनी मौजूदगी को सशक्त बना रहे हैं। भोपाल में 3 लाख से अधिक व्यवसाय जस्टडायल पर रजिस्टर्ड हैं, यह प्लेटफॉर्म स्थानीय उद्यमों को आज के प्रतिस्पर्धी एवं डिजिटल मार्केटप्लेस में आगे बढ़ने में मदद कर रहा है। उन्हें बेहतर विज़िबिलिटी, भरोसेमंद लीड्स और ज़रूरी सहयोग प्रदान कर व्यवसाय में बेहतर परिणाम हासिल करने में मदद कर रहा है। जस्टडायल ने भोपाल के कई व्यवसायों को विश्वसनीयता बनाने और विस्तार करने में उल्लेखनीय योगदान दिया है। ऐसे ही एक व्यवसायी डॉ राजेश सेक्सोलोजी क्लिनिक के संस्थापक डॉ राजेश मंघनानी, बताते हैं– हम पिछले 5–6 सालां से जस्टडायल के साथ जुड़े हुए हैं। हमने बहुत छोटे लेवल से शुरूआत की, जब हमें लगा कि मरीज़ों को सही डॉक्टर के साथ जोड़ने के लिए इस तरह के प्लेटफॉर्म बेहद ज़रूरी हैं। आज हमारे सभी पांचां संस्थानों को जस्टडायल पर 5–स्टार रेटिंग मिली हुई है और हम पिछले कई सालों से टॉप 5 में बने हुए हैं। यह एक भरोसेमंद प्लेटफॉर्म है, जिसने हमारी विश्वसनीयता बढ़ाई। जस्टडायल के साथ विकसित होते हुए हम अज पांच हेल्थकेयर संेटरों तक पहुंच गए हैं। इस यात्रा में उनका सपोर्ट बेहतरीन रहा है।'' उनके जैसी कहानियां दर्शाती हैं कि किस तरह डिजिटल मौजूदगी और प्लेटफॉर्म के ज़रिए मिली विश्वसनीयता लॉन्ग टर्म विकास को सुनिश्चित करती है। खासतौर पर ऐसे सेक्टरों में जहां उपभोक्ताओं के फैसले में भरोसा और प्रतिष्ठा बहुत अधिक मायने रखते हैं। ऐसा ही प्रभाव सर्विस से जुड़ी कैटेगरीज़ में भी साफ तौर पर दिखाई देता है। भोपाल रीस्टोरेशन्स के संस्थापक समीर खान के अनुसार 'जस्टडायल की सपोर्ट टीम हर समस्या के समाधान के लिए हमेशा तैयार रहती है। सबसे बड़ा फायदा है निवेश पर रिटर्न, मैं जितना खर्च करता हूं, उससे कहीं ज़्यादा कमाता हूं। उपभोक्ताओं तक पहुंच और उनका संतोष– ये दो महत्वपूर्ण पहलू हैं, जो मैंने इसी प्लेटफॉर्म के ज़रिए हासिल किए और इसी वजह से मेरा व्यवसाय आज इस मुक़ाम पर है।'' ट्रैवल और मोबिलिटी सेगमेन्ट में भी इस प्लेटफॉर्म के साथ जुड़े व्यवसायों को शानदार परिणाम मिल रहे हैं। एमआई टूर्स एंड ट्रैवल्स के संस्थापक अनुज भिमटे कहते हैं '' मैंने पांच साल पहले एक बेसिक पैकेज के साथ जस्टडायल के साथ अपनी यात्रा शुरू की। पिछले सालों के दौरान मुझे हमेशा बेहतरीन लीड्स मिली, जिससे मेरा व्यवसाय उम्मीद से कहीं ज़्यादा बढ़ा।

# वित्त वर्ष 2026 में 214,000 ट्रैक्टरों की बिक्री के साथ टैफे ने दर्ज की नई उपलब्धि

## वित्त वर्ष 2026 के लिए घरेलू उद्योग में वृद्धि दर का आंकड़ा किया पार

**मुंबई, एजेंसी।** ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड (टैफे), विश्व की एक अग्रणी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी और भारत की दूसरी सबसे बड़ी ट्रैक्टर कंपनी, ने वित्त वर्ष 2026 में बेहतरीन प्रदर्शन की घोषणा की है। इस वर्ष कंपनी ने लगभग 2,14,951 ट्रैक्टर यूनिट्स की बिक्री की, जो कंपनी के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

टैफे ने मार्च 2026 में 37.4 प्रतिशत की वृद्धि के साथ शानदार तरीके से इस वित्त वर्ष का समापन किया, यह आंकड़ा इस माह के लिए घरेलू उद्योग की 29त्न की वृद्धि के मुकाबले कंपनी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उद्योग की तुलना में इस तेज वृद्धि से यह साबित होता है कि न केवल टैफे की उत्पाद श्रृंखला मजबूत हुई है और किसानों के साथ जुड़ाव गहरे हुए हैं बल्कि प्रमुख कृषि क्षेत्रों में इसके कृषि उपकरणों की निरंतर मांग भी बढ़ी है। कंपनी ने घरेलू बिक्री के क्षेत्र में अब तक की सबसे अधिक वृद्धि का रिकॉर्ड बनाया, कंपनी के दोनों ब्रांड्स मैसी फर्ग्यूसन और आइशर ट्रैक्टर्स ने बंपर बिक्री दर्ज की। अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में 12,584 ट्रैक्टरों के निर्यात के साथ ही टैफे ने निर्यात खंड में बेहतरीन प्रदर्शन किया, जिससे कंपनी की वैश्विक उपस्थिति और विविध विकास रणनीति और भी मजबूत हुई है। घरेलू और निर्यात बाजारों में निरंतर मांग को पूरा करने के लिए, टैफे के विनिर्माण संयंत्रों ने वर्ष के दौरान पूर्ण क्षमता में काम किया। कंपनी भविष्य के



विकास की राह तैयार करने के लिए क्षमता विस्तार पहलों पर विचार कर रही है ताकि वैश्विक ट्रैक्टर उद्योग में अपने पदचिन्हों को और मजबूत बना सके। प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए, टैफे की वाइस प्रेसिडेंट डॉ. लक्ष्मी वेणु ने कहा, यह वर्ष ट्रैक्टर बाजार और देश के किसानों दोनों के लिए अत्यंत आशाजनक रहा है। अच्छी बारिश और सरकार द्वारा जीएसटी में कटौती के कदम से कृषि क्षेत्र को काफी राहत मिली है। अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी मशीनीकरण के प्रसार ने जोर पकड़ लिया है। इस वर्ष कई छोटे किसानों को कृषि मशीनीकरण की सुविधा मिली, जिससे कृषि परिदृश्य में एक महत्वपूर्ण बदलाव आया। ऐसे कई किसान थे जिन्होंने पहली बार खेती के लिए मशीनों का उपयोग किया। इससे कृषि उत्पादकता में सुधार लाने और देश भर के किसानों की आय बढ़ाने में काफी मदद मिलेगी। टैफे में, हम इस क्षेत्र में अपने ग्राहकों की तेजी से बदलती प्राथमिकताओं को हमेशा महत्व देते रहे हैं और इसी प्रतिबद्धता के कारण हम इस वर्ष बाजार में अच्छा प्रदर्शन कर पाए हैं। भू-राजनीतिक तनावों और युद्ध से संबंधित आपूर्ति बाधाओं के कारण उत्पन्न वैश्विक अनिश्चितताओं और मुद्रास्फीति के दबावों से इनपुट लागत प्रभावित हो रहा है, पर फिर भी अपने मूलभूत सिद्धांतों की बदौलत भारतीय कृषि मजबूत बनी रही है।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने क्यू1 सीवाई26 में हासिल की 10 लाख से अधिक एसी की बिक्री

**मुंबई, एजेंसी।** एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया (एलजीई इंडिया) ने आज 2026 की पहली तिमाही में 10 लाख से अधिक एयर कंडीशनर की बिक्री की घोषणा की। यह ऐतिहासिक उपलब्धि भारत में कंपनी के इतिहास में गर्मी के मौसम की सबसे तेज़ और सबसे मजबूत शुरुआत है। यह माइलस्टोनन केवल एलजीई इंडिया की काम करने की बेहतरीन क्षमता औरसप्लाई चेन की तेज़ीको दिखाती है, बल्कि भारत के तेज़ी से बढ़ते और कड़े मुकाबले वाले एयर कंडीशनर बाज़ार में एक मज़बूत लीडर के रूप में इसकी स्थिति को भी मजबूत करता है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बात करते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री होंग जू जियोन ने कहा, एक ही तिमाही में 10 लाख एसी की बिक्री का आंकड़ा पार करना केवल एक व्यावसायिक माइलस्टोन नहीं है - यह उस भरोसे का एक शक्तिशाली प्रमाण है जो लाखों ग्राहक हर दिन एलजी पर रखते हैं। भारत वैश्विक स्तर पर एलजी के सबसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है, और यह परिणाम हमारेग्राहकों, हमारे भागीदारों और भारत के सतत विकास के प्रति हमारी प्रतिबद्धता की गहराई को दर्शाता है। हम नवाचार, वितरण, स्थानीयकरण में भारी निवेश कर रहे हैं, और मेक इन इंडिया पहल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करने के लिए श्री सिटी में अपनी एसी विनिर्माण सुविधा का विस्तार कर रहे हैं। इसमें जोड़ते हुए, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के डायरेक्टर और को-चीफ सेल्स एंड मार्केटिंग ऑफिसर, संजय चितकारा ने कहा, इस गति को आगे बढ़ाते हुए, हम घरेलू और वैश्विकग्राहकोंके लिए तैयार किए गए उन्नत, ऊर्जा-कुशल कूलिंग समाधान प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। एनर्जी मैनेजर प्लस, बेहतर क्षमता और अधिक व्यापक पोर्टफोलियो के साथ हमारी प्रीमियम एसी रेंज विभिन्न वर्गों के भारतीयग्राहकोंकी विविध आवश्यकताओं को पूरा करती है। हम अपनी पहली तिमाही के एसी प्रदर्शन से अत्यधिक उत्साहित हैं और एसी पर जीएसटी कटौती की मदद से 2026 की दूसरी तिमाही में मजबूत मांग की उम्मीद करते हैं।

इस उपलब्धि का एक मुख्य चालक सीजन से काफी पहले अपने नए बीईई स्टार-रेटेड अनुपालन वाले एसी लाइन-अप को लॉन्च करने के संबंध में एलजीई इंडिया का फर्स्ट-मूवरलाभ था, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि खुदरा भागीदार और ग्राहकबिना किसी बाधा के बेहतर, ऊर्जा-कुशल उत्पादों को सहजता से अपना सकें। इसके पूरक के रूप में, आईसीसी विश्व कप के दौरान एलजीई इंडिया के मार्केटिंग अभियान ने बड़े पैमाने पर शानदार पहुंच और उपभोक्ता जुड़ाव भी प्रदान किया, जिससे अभूतपूर्व ब्रांड प्रमुखता और खरीदारी की इच्छा बढ़ी।

इस रिकॉर्ड प्रदर्शन का आधार एलजीई इंडिया की विविध पोर्टफोलियो रणनीति है, जिसे प्रत्येक भारतीय घर के लिए डिज़ाइन किया गया है। तिमाही के दौरान, एलजी ने अपने एसी लाइन-अप को काफी व्यापक बनाया। अपनी एसेंशियल सीरीज के तहत कंपनी का नया पेश किया गया 0.8 टन एसी कॉम्पैक्ट शहरी स्थानों और पहली बार खरीदने वालों के लिए आकांक्षात्मक, ऊर्जा-कुशल कूलिंग प्रदान करता है, जबकि 2.0 टन 5-स्टार रेंज भारत के तेजी से बढ़ते प्रीमियम घरेलू सेगमेंट की जरूरतों को पूरा करती है। विंडो और स्प्लिट दोनों सेगमेंट में फैले एक व्यापक फिक्स्ड-स्पीड एसी पोर्टफोलियो की शुरुआत यह सुनिश्चित करती है कि एलजीई इंडिया हर मूल्य वर्ग और ग्राहकप्रोफाइल की मांग को हासिल करे। एलजीई इंडिया की 2026 एसी रेंज विभिन्न विशिष्ट स्मार्ट फीचर्स द्वारा भी परिभाषित है जो भारतीय ग्राहकोंकी जरूरतों को पूरा करती हैं। प्री-कूलउपयोगकर्ताओं को घर पहुंचने से पहले रिमोट से कूलिंग सक्रिय करने में सक्षम बनाता है, जिससे उनके कदम रखते ही तत्काल आराम मिलता है। हिम-क्लीन, जो एलजी की अपनी आंतरिक ऑटो-क्लीनिंग तकनीक है, लंबे समय तक स्वच्छता और उच्चतम प्रदर्शन सुनिश्चित करती है - जो भारत के अत्यधिक धूल और उमस भरे वातावरण में एक महत्वपूर्ण विचार है। एनर्जी मैनेजर प्लसग्राहकोंको उनकी बिजली खपत पर सूक्ष्म, रीयल-टाइम दृश्यता के साथ सशक्त बनाता है, जो सीधे तौर पर बिजली लागत की चिंताओं को दूर करता है, जो भारत में एसी अपनाने में प्रमुख बाधाओं में से एक बनी हुई है। प्रदर्शन के मोर्चे पर, एलजीई इंडिया का 2026 लाइन-अप कूलिंग पावर के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है, जिसमें 5300वाट तक की रेटेड कूलिंग क्षमता और 6300वाट की अधिकतम क्षमता है। फ्लैगशिप 6-इन-1 कन्वर्टिबल कूलिंगतकनीक बेजोड़ परिचालन लचीलापन प्रदान करती है, जिससे ग्राहकअपनी आवश्यकतानुसार कूलिंग क्षमता को सटीक रूप से चुन सकते हैं और ऊर्जा की बर्बादी को नाटकीय रूप से कम कर सकते हैं। इसके अलावा, भारत सरकार द्वारा एयर कंडीशनर पर जीएसटी को 28 प्रतिशत से घटाकर 18 प्रतिशत करने का ऐतिहासिक निर्णय उद्योग के लिए एक संरचनात्मक बदलाव लाने वाला साबित हुआ है, जिससे सामर्थ्य में सुधार हुआ है।

## होर्मुज में संकट तो भारत ने बदला रास्ता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत ने रूस और दूसरे देशों से तेल का आयात बढ़ा दिया है। मार्च में रूस से भारत का कच्चा तेल आयात फरवरी की तुलना में 90 प्रतिशत बढ़ गया है। यह वृद्धि तब हुई है जब ईंधन आपूर्ति बाधाओं के कारण भारत के कुल तेल आयात में लगभग 15 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। ऊर्जा आपूर्ति के मुख्य रास्ते होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा आने के कारण भारत की (रसोई गैस) के आयात में 40 प्रतिशत की भारी गिरावट आई है। टाइम्स ऑफ इंडिया के मुताबिक प्राकृतिक गैस की शिपमेंट में भी कमी देखी गई है, जिसके चलते नई दिल्ली को वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करनी पड़ रही है। मार्च में रूसी तेल के आयात में तेजी आने की मुख्य वजह अमेरिका की ओर से दी गई 30 दिनों की अस्थाई छूट है। इस छूट के तहत समुद्र में पहले से मौजूद उन तेल जहाजों की खरीद की अनुमति दी गई थी, जिन पर बैन लगे थे। इसके अलावा भारत ने अंगोला, गैबॉन, घाना और कांगो जैसे अफ्रीकी देशों से भी आयात बढ़ाया है।कतर ने फोर्स मेज्योर (किन्हीं कारणों से बैन का पालन न कर पाना) घोषित कर दिया है, जिससे भारत को मिलने वाली एलएनजी सप्लाई में 92 प्रतिशत की भारी गिरावट आई। इसकी भरपाई अमेरिका, ओमान और नाइजीरिया से आयात बढ़ाकर की जा रही है। कमर्शियल और इंडस्ट्रियल सप्लाई सीमित की गई।





# खुद कमानी पड़ती है अपनी जीत

**मुंबई।** अभिषेक बच्चन के बॉलीवुड करियर को 26 साल हो चुके हैं। अपने कॅरियर में उन्होंने अलग-अलग तरह के किरदार निभाए हैं। लेकिन, वह ऐसे परिवार में आते हैं, जहां तीन बड़े नामी स्टार मौजूद हैं। पिता अमिताभ बच्चन सदी के महानायक हैं। मां जया बच्चन एक उम्दा अभिनेत्री रही हैं। वहीं, पत्नी ऐश्वर्या विश्व सुंदरी और बॉलीवुड की सबसे हिट एक्ट्रेस में शामिल रही हैं। अक्सर ही अभिषेक बच्चन के कॅरियर की तुलना उनकी पत्नी के कॅरियर से होती है। हाल ही में इस मुद्दे पर अभिषेक ने फिर मन की बात कही है। अभिषेक से पूछा गया कि शादी के बाद ज्यादा सफल पार्टनर के साथ रहने पर कुछ लोग असुरक्षित महसूस करते हैं। इस पर अभिषेक कहते हैं, 'मैं ऐसा इंसान नहीं हूं जो सिर्फ इसलिए जीतना चाहता हो, क्योंकि किसी और ने हार मान ली। मुझे बचपन से यही सिखाया गया है कि आपको अपनी जीत खुद कमानी पड़ती है।' वह आगे कहते हैं, 'मेरी सोच ऐसी ही है।

## लाइफ Style



# दिव्या
## एक बार में साइन की 20 मूवीज

दिव्या दत्ता ने 16 की उम्र में एक्टिंग डेब्यू किया। साल 1999 में आई पंजाबी फिल्म 'शहीद-ए-मोहब्बत बूटा सिंह' से उन्हें पहचान मिली। शुरुआत में दिव्या को लगता था कि वह कहीं फिट नहीं बैठती। लेकिन, दिव्या मानती हैं कि कई सालों तक उन्हें काम मिलना बहुत मुश्किल था। इसी दौरान 'वीर जारा' के बाद उनकी किस्मत बदली और उन्हें ढेरों ऑफर मिलने लगे।

एजेंसी ⏭ मुंबई


दिव्या ने एक साथ करीब 20 फिल्में साइन कर लीं, लेकिन बाद में आदित्य चोपड़ा से बातचीत के बाद कई फिल्मों के पैसे वापस कर दिए। दिव्या दत्ता ने कहा, 'मेरे लिए अपनी जगह बनाना ही एक सफर था। इस दौरान आपको समझ आता है कि आपको क्या चाहिए। जैसे-जैसे जिंदगी आगे बढ़ती है, वैसे-वैसे सोच में स्पष्टता आती है कि मुझे क्या चाहिए। आप अपनी जगह, अपना पैशन ढूंढ लेते हैं और समझ जाते हैं कि अगला कदम क्या होना चाहिए।' दिव्या दत्ता ने बताया कि साल 2007 के आसपास एक वक्त ऐसा आया जब उन्हें एक साथ कई फिल्मों के ऑफर मिले और उन्होंने लगभग 20 फिल्में साइन कर लीं। उन्होंने कहा, मुझे याद है, मैंने 20 के करीब फिल्में साइन कर ली थीं, क्योंकि एक वक्त था जब मेरे पास कोई काम नहीं था। अचानक इतने ऑफर आए कि मैंने सब ले लिए। हालांकि, दिव्या ने उन सभी फिल्मों से खुद को अलग कर लिया जिन पर उन्होंने काम शुरू नहीं किया था, और इसकी वजह थी आदित्य चोपड़ा से हुई एक मुलाकात। उन्होंने पूछा कि मैं इतनी फिल्में क्यों साइन कर रही हूं। तुम बहुत अच्छी एक्टर हो, क्यों न कोई विरासत छोड़ो? दिव्या दत्ता कहती हैं कि आदित्य चोपड़ा से हुई इस बातचीत ने उनके काम और मौकों को देखने का नजरिया बदल दिया।

## हॉलीवुड मसाला



# जस्टिन पर लगे यौन उत्पीड़न के आरोप खारिज

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड एक्ट्रेस ब्लेक लाइवली ने अपनी फिल्म 'इट एंड्स विद अस' के को-स्टार और डायरेक्टर जस्टिन बाल्डोनी पर यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। साथ ही मानहानि का केस भी डायरेक्टर पर किया था। यौन उत्पीड़न के आरोप को फेडरल कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दिया है। इसके बाद एक्ट्रेस की लीगल टीम ने अपना फोकस अब मानहानि केस पर कर दिया है। गुरुवार को जज लुईस लिमन ने ब्लेक लाइवली के केस में 13 में से 10 दावों और आरोपों को खारिज कर दिया। इन आरोपों में यौन उत्पीड़न, मानहानि और एक्ट्रेस के खिलाफ साजिश के दावे शामिल थे। इस फैसले बावजूद कोर्ट ने एक्ट्रेस को कुछ आरोपों को ट्रायल के लिए आगे बढ़ाने की अनुमति दी है। अब यह मामला 18 मई को न्यूयॉर्क के एक सिविल ट्रायल कोर्ट में जाएगा।




# एल्बम द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल के नाम पर विवाद

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकी सिंगर और सॉन्गराइटर टेलर स्विफ्ट के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। दुनियाभर में अपने करोड़ों फैंस की चहेती, 36 साल की टेलर एलिसन स्विफ्ट अपने नए एल्बम 'द लाइफ ऑफ अ शोगर्ल' के नाम को लेकर कानूनी विवाद में उलझ गई हैं। दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली लाइव म्यूजिक आर्टिस्ट और सबसे अमीर फीमेल सिंगर, को अब अपने एल्बम के नाम की ब्रांडिंग और मालिकाना हक को लेकर कोर्ट में लड़ाई लड़नी पड़ेगी। कैलिफोर्निया की फेडरल कोर्ट में दायर इस मुकदमे में टेलर स्विफ्ट और यूएमजी रिकॉर्डिंग्स पर ट्रेडमार्क उल्लंघन, गलत पहचान और अनफेयर कंपीटिशन यानी अनुचित प्रतिस्पर्धा के आरोप लगाए गए हैं। अपनी याचिका में मारेन वेड ने अरोप लगाए हैं कि टेलर स्विफ्ट की टीम ने एल्बम रिलीज होने के तुरंत बाद ही उसके टाइटल का बड़े पैमाने पर इस्तेमाल किया। शिकायत में कहा गया है, 'उन्होंने ऐसा चुपचाप नहीं किया। कुछ ही हफ्तों के भीतर, इस नाम को यूजर मार्केट में हर तरह से इस्तोमल किया गया। इसे लेबल, टैग और पैकेजिंग पर छापा गया। साथ ही रिटेल चैनलों में एक पहचान के तौर पर इस्तेमाल किया गया।



# सीता के रूप में साई से बेहतर नहीं हो सकती थी कास्टिंग

**मुंबई।** रणबीर कपूर की फिल्म रामायण इस साल के मच अवेटेड प्रोजेक्ट्स में से एक है। फिल्म का पहला हिस्सा इस साल दिवाली के मौके पर रिलीज होगा। फिल्म में रणबीर कपूर राम की भूमिका निभाएंगे। हनुमान जयंती के अवसर पर लॉन्च टीजर में रणबीर कपूर के लुक को रिवील भी कर दिया गया है। फिल्म में साई पल्लवी सीता के रूप में नजर आएंगी। टीजर लॉन्च इवेंट में रणबीर कपूर ने अपनी को-स्टार साई पल्लवी और यश को लेकर बात की। उन्होंने कहा कि सीता के रूप में साई पल्लवी से बेहतर कास्टिंग नहीं हो सकती थी। भारत से पहले नितेश तिवारी की फिल्म का टीजर अमेरिका (लॉस एंजिल्स) में रिलीज किया गया था। टीजर रिलीज के लिए रणबीर कपूर भी इवेंट में पहुंचे थे। वहां, मीडिया से बातचीत में रणबीर कपूर ने साई पल्लवी को ब्रिलिएंट एक्टर बताया है।



# धुरंधर 2 देखने अंडरकवर बनकर थिएटर पहुंचे माधवन

**मुंबई।** धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा जिस एक्टर की सबसे ज्यादा तारीफ हो रही है, वो हैं आर माधवन। आर माधवन ने फिल्म में अजय सान्याल का किरदार निभाया है। ना सिर्फ माधवन ने इस किरदार के लिए अपने लुक में जबरदस्त ट्रांसफॉर्मेशन किया बल्कि उनके एक्सप्रेशन्स भी कमाल के थे। अब माधवन थिएटर में फिल्म देखने पहुंचे और दर्शकों का लाइव रिएक्शन ले रहे थे। एग्जिबीटर अक्षय राठी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर माधवन का एक क्लिप शेयर किया है जिसमें माधवन आराम से मूवी देख रहे हैं और चुपके से सबके रिएक्शन भी देख रहे हैं। अक्षय राठी ने क्लिप शेयर कर लिखा कि आईएसआई जो प्लान बनाना चाहें बना सकते हैं। अजय सान्याल की सब पर नजर है। बड़ा मजा आया माधवन को कैप्चर करके।

## टीवी मसाला



# पंचायत के छह साल पूरे हुए, मेकर्स ने जारी की अनदेखी तस्वीरें

**नई दिल्ली।** 'पंचायत' सबसे ज्यादा पसंद की जाने वाली वेब सीरीज में से एक है। इसके कई सीजन रिलीज हो चुके हैं। सीरीज का सबसे पहला सीजन आज के दिन यानी 3 अप्रैल 2020 को रिलीज हुआ था। पहले सीजन के 6 साल पूरे होने पर मेकर्स ने 'पंचायत' की बीटीएस तस्वीरें शेयर की हैं। इसके साथ उन्होंने सीरीज के अगले सीजन की अपडेट दी है। इंस्टाग्राम पर मेकर्स ने 'सीरीज' की जो तस्वीरें शेयर की हैं उनमें सीरीज के अहम कलाकार नजर आ रहे हैं। एक तस्वीर में जितेंद्र अपने साथी कलाकार के साथ मुस्कुरा रहे हैं। एक और तस्वीर में रघुबीर यादव और नीना गुप्ता नजर आ रहे हैं। एक सीन में सुनीता के साथ दुर्गेश कुमार हैं। मेकर्स ने फैसल मलिक की भी तस्वीर शेयर की है। इसमें वह साथी कलाकारों के साथ चारपाई पर बैठे नजर आ रहे हैं। एक और तस्वीर में वह स्क्रिप्ट पढ़ रहे हैं। वहीं मुख्य कलाकार सान्विका को मेकर्स कुछ समझा रहे हैं। इंस्टाग्राम पर 'पंचायत' की जो तस्वीरें शेयर की गई हैं, उसके कैप्शन में लिखा है 'फुलेरा में 6 साल बिताए और कभी इसे छोड़कर जाने का मन नहीं किया। इसके नए सीजन की शूटिंग जारी है। इस पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट करते हुए लिखा है कि उनको सीरीज के नए सीजन का इंतजार है। सीजन 4 के क्लाइमेक्स के बाद, फैंस अगले सीजन का इंतजार कर रहे हैं।

## कॉफी विद करण का आएगा सीजन 9?

**नई दिल्ली।** कॉफी विद करण शो के फैंस के लिए एक अच्छी खबर है। जियो हॉटस्टार करण जौहर के साथ शो के 9वें सीजन के लिए के लिए बातचीत कर रहा है। अगर ये डील लॉक होती है तो फैंस को अपने फेवरेट शो का नया सीजन देखने को मिलेगा।



जियो हॉटस्टार ने शो के लिए शुरुआती बातचीत शुरू कर दी है और अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक जाता है तो फैंस को कॉफी विद करण का 9वां सीजन देखने को मिलेगा। खबर से जुड़े सूत्रों ने मीडिया पोर्टल को बताया, "करण इस चीज से अवगत हैं कि ऑडियंस बदल चुकी है। तो वो अपने सेगमेंट्स को छोटा कर सकते हैं और उन्हें आज के हिसाब से बना सकते हैं। गेस्ट लिस्ट भी बदली जाएगी, साउथ के स्टार्स, बॉलीवुड सिलेब्स, ओटीटी एक्टर्स और क्रिएटर्स नए सीजन में कॉफी विद करण के काउच पर नजर आएंगे। हालांकि, चीजें अभी शुरुआती दौर में हैं। अभी डील लॉक नहीं हुई है।" अगर कॉफी विद करण का नौवां सीजन आता है तो ये देखना दिलचस्प होगा कि इस बार कौन-कौन से गेस्ट इंड्स्ट्री की इनसाइड स्टोरीज को कॉफी विद करण के काउच पर शेयर करते हैं।

# अली अब्बास की एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे अहान




**मुंबई।** सैयारा फेम एक्टर अहान पांडे एक एक्शन-रोमांटिक फिल्म में नजर आएंगे। शुक्रवार को अली अब्बास जफर ने इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए फिल्म से अहान पांडे का पहला लुक शेयर किया है, जिस पर फैंस दिल हार बैठे हैं। अहान पांडे की इस फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से आधिकारिक तौर पर शुरू हो गई है। जल्द ही मुख्य अभिनेत्री और आधिकारिक शीर्षक की घोषणा की जाएगी। फिल्म का निर्माण वाईआरएफ कर रहा है। इसकी शूटिंग मुंबई और विदेशों में होगी। इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर अहान की एक खास तस्वीर शेयर की और लिखा, 'और शुरू हो गई...'। अहान पांडे की इस फिल्म के निर्देशक अली अब्बास जफर ने इंस्टाग्राम पर दो तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर अहान पांडे की है। इस तस्वीर में अहान के चेहरे का कुछ हिस्सा साफ नजर आ रहा है, क्योंकि बाकी की तस्वीर धुंधली है। छोटे बाल में अहान का यह लुक कमाल का लग रहा है। इस तस्वीर को देखकर ऐसा लग रहा है कि वह किसी को देखते नजर आ रहे हैं। वहीं, दूसरी तस्वीर एक क्लैप बोर्ड की है। जिसके साथ लिखा, 'यश राज फिल्म्स, प्रोडक्शन नंबर 79, निर्देशक अली अब्बास जफर।' अहान की इस दूसरी फिल्म के पहले लुक ने सेलेब्स और फैंस का दिल जीत लिया है। अभिनेता अर्जुन कपूर ने लिखा, 'मास' और साथ ही फायर इमोजी बनाया है। टीवी अभिनेता हितेन तेजवानी ने लिखा, 'बधाई हो अली सर', अहान की मां डीन ने लिखा, 'पूरी टीम को शुभकामनाएं'।

# इस महीने रिलीज होंगी एक्शन से लेकर हॉरर फिल्में

**नई दिल्ली।** अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली आगामी बॉलीवुड फिल्मों में अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की बहुप्रतीक्षित हॉरर-कॉमेडी 'भूत बंगला' से लेकर आदिवी शेष और मृणाल ठाकुर की एक्शन थ्रिलर 'डकैत' तक शामिल हैं। अप्रैल महीने में सभी उम्र के दर्शकों के लिए भरपूर मनोरंजन होगा। ये हैं अप्रैल 2026 में रिलीज होने वाली कुछ फिल्मों की लिस्ट।

### डकैत'

फिल्म 'डकैत' पहले 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन इसे आगे बढ़ाकर 10 अप्रैल कर दिया गया है। इस फिल्म में आदिवी शेष, मृणाल ठाकुर और अनुराग कश्यप मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'डकैत' की कहानी में एक्शन, ड्रामा और अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। यह शेनिल देव की पहली निर्देशित फिल्म है। फिल्म हिंदी और तेलुगु दोनों भाषाओं में रिलीज होगी।




### मर्सी

'मर्सी' निष्क्रिय इच्छामृत्यु जैसे गंभीर विषय पर बनी है। फिल्म की कहानी करुणा, कर्तव्य और कानूनी नैतिकता के बीच की उलझन को दिखाती है। फिल्म 'मर्सी' में आदिल हुसैन, राज वासुदेवा और निहारिका रायजादा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। मर्सी का निर्देशन मितुल पटेल ने किया है। मर्सी 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

### भूत बंगला

प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' पौराणिक कथाओं, काले जादू से प्रेरित है। इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, तब्बू, राजपाल यादव और जिस्सू सेनगुप्ता भी हैं। पहले यह फिल्म 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में मेकर्स ने इसकी नई रिलीज डेट जारी की है। 16 मार्च रात 9 बजे से 'भूत बंगला' के पेड प्रिव्यू शोज थिएटर्स में शुरू हो जाएंगे। जिससे साफ है कि फिल्म 16 मार्च की रात 9 बजे से सिनेमाघरों में मौजूद रहेगी।

### गिन्नी वेड्स सनी 2

गिन्नी वेड्स सनी 2 एक हल्की-फुल्की रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर मुख्य भूमिका में हैं। यह 2020 में नेटफ्लिक्स पर आई फिल्म 'गिन्नी वेड्स सनी' का दूसरा भाग है। फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव जैसे कलाकार भी हैं। 'गिन्नी वेड्स सनी 2', 24 अप्रैल को रिलीज होगी।

# बॉलीवुड की इन दर्द भरी फिल्मों को देखकर निकल जाएंगे आंसू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

बॉलीवुड में ऐसी कई फिल्में हैं, जो दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं। भले ही ये 2-3 घंटे की फिल्में हो, लेकिन यह आप गहरा असर छोड़ती हैं। बॉलीवुड में ऐसी अनगिनत फिल्में होंगी, जिसमें गहरा दुख-दर्द देखने को मिलता है। क्लाइमैक्स में हीरो-हीरोइन मर जाते हैं। या फिर हीरो-हीरोइन को सच्चा प्यार नहीं मिल पाता है। यहां हम आपको बॉलीवुड की 6 दर्द भरी फिल्मों के बारे में बताने जा रहे हैं।

### मसान

साल 2015 में आई 'मसान' को क्रिटिकली बहुत सराहा गया. फिल्म में श्वेता त्रिपाठी, विक्की कौशल और ऋचा चड्ढा लीड रोल में हैं। इनके दो अलग-अलग कहानियां दिखाई गई हैं। फिल्म की कहानी वाराणसी में सेट है, जिसके घाट पर जीवन और मौत का खेल चलता है। एक कहानी में ऋचा है, जो एक स्टुडेंट के साथ होटल में पकड़ी जाती है। स्टूडेंट आत्महत्या करता है। पुलिस इंस्पेक्टर उसका वीडियो बनाता है और उसे ब्लैकमेल करता है। ऋचा के पिता का किरदार संजय मिश्रा ने निभाया है, जो पंडित है और किताब की दुकान चलाते हैं। रिश्वत के पैसे जुटाने के लिए वह गलत काम करते हैं। वे गंगा में सिक्के बटोरने वाले बच्चों के साथ जुआ खेलना शुरू करता है।

## दर्द, प्यार, समाज और इंसानियत की गहराइयों को छूती हैं



### तेरे नाम

साल 2003 में आई 'तेरे नाम' बॉक्स ऑफिस पर भले ही फ्लॉप हुई, लेकिन कल्ट क्लासिक फिल्म बन गई। सलमान खान किरदार राधे कॉलेज का गुंडा, हॉट टेम्पर वाला लड़का है। वह भूमिका चावला के किरदार निर्जरा से प्यार करता है। निर्जरा ब्राह्मण लड़की है। निर्जरा शुरू में डरती है, लेकिन राधे का बदलता स्वभाव उसे आकर्षित करता है। राधे प्रपोज करता है। लेकिन दुश्मनों से मार खाकर उसका पागल हो जाता है। निर्जरा उसकी देखभाल करती है। राधे की हालत बिगड़ती जाती है। फिल्म प्यार की ताकत, हिंसा के चक्र और पागलपन की दर्द भरी कहानी है।

### देवदास

शाहरुख खान, ऐश्वर्या राय बच्चन और माधुरी दीक्षित स्टारर 'देवदास' भी दुख से भरी से फिल्म है। 2002 में आई इस फिल्म को ऑडियंस ने खूब पसंद किया. शाहरुख का किरदार देवदास मुखर्जी लंदन से पढ़कर लौटता अमीर जमींदार का बेटा है। बचपन की दोस्त पारो(ऐश्वर्या ) से प्यार करता है। परिवार, जाति और रुतबे के नाम पर विरोध करता है। पारो का विवाह एक बूढ़े व्यक्ति से तय होता है, जिसकी पत्नी मर चुकी है। देवदास टूट जाता है, शराब में डूब जाता है। डांसर चंद्रमुखी उससे प्यार करती है, लेकिन देवदास पारो को ही पुकारता रहता है। देवदास की तबीयत बिगड़ती है। वह पारो के घर के बाहर मरने जाता है। फिल्म क्लासिक ट्रेजेडी- प्यार, घमंड, समाज और आत्म-विनाश की कहानी को दिखाती है।

### द स्काई इज पिंक


साल 2019 में 'द स्काई इज पिंक' कैंसर से लड़ने वाली आयशा चौधरी सच्ची कहानी पर बेस्ड है। फिल्म में जायरा वसीम ने आयशा का किरदार निभाया. प्रियंका चोपड़ा और फरहान अख्तर उसके पेरेंट्स बनते हैं। शादी के बाद उनका पहला बच्चा तान्या एससीआई बीमारी से मर जाता है। पेरेंट्स देश-दुनिया में कैंसर का ट्रीटमेंट करवाते हैं। आयशा मोटिवेशनल स्पीकर बनती है, किताब लिखती है। लेकिन, बीमारी बढ़ती जाती है। फिल्म का क्लाइमैक्स मौत को गले लगाने, मां-बाप की कुर्बानी, भाई-बहन के रिश्ते और जिंदगी की खुशियों को संजोकर जीने की सीख देती है।

### वीर-जारा

शाहरुख खान, प्रीति जिंटा और रानी मुखर्जी स्टार 'वीर-जारा' 2004 में आई एक कल्ट फिल्म है। फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान में रहने वाली दो कपल की कहानी है। फिल्म में शाहरुख ने वीर प्रताप सिंह का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना में हैं। जबकि प्रीति पाकिस्तानी लड़की जारा हयात खान के किरदार में दिखी। जारा अपनी दादी अस्थिया विसर्जित करने भारत आती है। बस एक्सीडेंट में वीर उसे बचाता है। दोनों को प्यार होता है। लेकिन जारा की शादी पाकिस्ता में तय हो जाती है। वीर उसे लेने पाकिस्तान जाता है, लेकिन जारा के परिवार वाले उसे जेल भिजवा देते हैं। 22 साल बाद पाकिस्तानी सामिया (रानी मुखर्जी) वीर का केस लड़ती है और जीतती है। वीर-जार की मुलाकात 22 साल बाद होती है।

# ट्रेनिंग में लौटे चेन्नई सुपर किंग्स के दो धाकड़ खिलाड़ी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2026 में आगाज अच्छा नहीं रहा था। टीम को राजस्थान रॉयल्स के सामने करारी हार मिली थी। अब दूसरे मुकाबले में चेन्नई का सामना पंजाब किंग्स से होना है। इससे पहले टीम के लिए अच्छी खबर है। उसके दो अहम खिलाड़ी ट्रेनिंग में नजर आए।

ये दोनों चोटों की वजह से राजस्थान के खिलाफ मैच से बाहर रहे थे। ये हैं महेंद्र सिंह धोनी और डेवाल्ड ब्रेविस। हालांकि दोनों के खेलने पर अभी तस्वीर साफ नहीं हुई लेकिन ट्रेनिंग में आने से बूस्ट मिला है। धोनी के बारे में चेन्नई ने कहा था कि वह दो सप्ताह के लिए बाहर हुए हैं। वह अभी काफ स्ट्रेन से जूझ रहे हैं। वहीं ब्रेविस को साइड स्ट्रेन के चलते पहले मुकाबले से बाहर रहना पड़ा था। उनकी वापसी पर कोई अपडेट नहीं आई थी। इस बीच यह साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी टीम फिजियो के साथ प्रैक्टिस करता दिखा। उन्होंने बल्लेबाजी का अभ्यास भी किया। इस दौरान वे किसी मुश्किल में नहीं दिखे।ोनी ने 1 अप्रैल को भी सीएसके की प्रैक्टिस में हिस्सा लिया था। तब उन्होंने स्पिनर्स का सामना किया था। 2 अप्रैल को उन्होंने पेसर्स और थ्रोडाउन भी खेले। इस दौरान कुछ शॉट्स पर तो गेंद स्टैंड्स में जाकर गिरी। धोनी के बारे में पूछे जाने पर गायकवाड़ ने हंसते हुए कहा कि उनके बारे में 13वीं दिन अपडेट दी जाएगी क्योंकि वे दो सप्ताह के लिए पहले ही बाहर हो चुके हैं।

# अभिषेक ने जताई असहमति, लगा 25 प्रतिशत जुर्माना

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



सनराइजर्स हैदराबाद के उप कप्तान अभिषेक शर्मा पर कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ खेले गए मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उनके खाते में एक डिमेरिट अंक भी जोड़ा गया है। अभिषेक ने आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.3 के तहत लेवल एक के उल्लंघन का अपराध स्वीकार किया और मैच रेफरी की दी सजा को मान लिया।

आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होता है। अभिषेक ने 21 गेंदों में 48 रन बनाकर सनराइजर्स को शानदार शुरुआत दिलाई थी। सनराइजर्स ने यह मैच 65 रन से जीता, जो उसकी मौजूदा टूर्नामेंट में पहली जीत भी है। अभिषेक ने अपनी पारी में चार चौके और इतने ही छक्के लगाए लेकिन टीवी अंपायर नितिन मेनन के फैसले पर असहमति जताने के लिए उन पर जुर्माना लगाया गया।

वरुण चक्रवर्ती ने नौवें ओवर में ब्लेसिंग मुजरबानी की गेंद पर डाइव लगाकर अभिषेक का कैच लिया, लेकिन इस बात का कोई निर्णायक सबूत नहीं था कि कैच साफ तरीके से लिया गया था। लेकिन मेनन ने कैच को वैध करार दिया, जिस पर अभिषेक ने अपनी असहमति जताई थी।

## खबर संक्षेप



### मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा : रहाणे

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान अजिंक्य रहाणे ने अपने स्ट्राइक रेट को लेकर हो रही आलोचना के बारे में कहा कि इस चर्चा के पीछे एक 'खास एजेंडा' और 'ईर्ष्या' का भाव मौजूद है। केकेआर की आईपीएल में सनराइजर्स हैदराबाद के हाथों 65 रन की करारी हार के बाद रहाणे के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठने लगे हैं। रहाणे ने कहा, 'जहां तक मेरे स्ट्राइक रेट का सवाल है तो मुझे लगता है कि 2020 से अब तक मेरा स्ट्राइक रेट सबसे अच्छा रहा है। जो लोग मेरे बारे में बात कर रहे हैं, शायद वे मैच नहीं देख रहे हैं या उनके मन में मेरे खिलाफ कोई खास एजेंडा है।

### पीएसबी ने की खेल बजट में बढ़ोतरी की मांग

**कराची।** पाकिस्तान खेल बोर्ड (पीएसबी) ने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से अनुरोध किया है कि राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं की बढ़ती जरुरतों को पूरा करने के लिए उनका सालाना बजट 1.2 अरब रुपए से बढ़ाकर 4.9 अरब रुपए कर दिया जाए। इस हफ्ते इस्लामाबाद में पीएसबी की 36वीं सालाना बैठक में सालाना बजट बढ़ाने के संबंध में फैसला लिया गया। पड़ोसी देश भारत और एशिया के दूसरे देशों की तुलना में पाकिस्तान का खेल बजट सबसे कम माना जाता है, जिसने 1984 के बाद से ओलंपिक खेलों में सिर्फ एक स्वर्ण पदक जीता है।

### भविष्य का खिलाड़ी गजांफर, करेगा बेहतर प्रदर्शन : जयवर्धने



**नई दिल्ली।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने अफगानिस्तान के युवा स्पिनर अल्लाह गजांफर का बचाव करते हुए उन्हें टीम का 'एक्स फैक्टर' बताया। बीस वर्ष के गजांफर ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मुंबई के पहले मैच में 51 रन दिए थे। जयवर्धने ने कहा,' वह भविष्य का खिलाड़ी है।


किंग्स ने 18.4 ओवर में 5 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल किया

## कप्तान श्रेयस की फिफ्टी, वैशाख ने 2 विकेट झटके

# पंजाब की लगातार दूसरी जीत चेन्नई को 5 विकेट से हराया

भाषा ▶▶| चेन्नई

कप्तान श्रेयस अय्यर के शानदार और संतुलित अर्धशतक की मदद से पंजाब किंग्स ने आईपीएल के मैच में शुक्रवार को चेन्नई सुपर किंग्स को पांच विकेट से हराया। श्रेयस ने 29 गेंद में 50 रन बनाये और निहाल वढेरा के साथ चौथे विकेट के लिये 59 रन की अहम साझेदारी की। पंजाब ने 210 रन का लक्ष्य आठ गेंद बाकी रहते पांच विकेट खोकर हासिल करते हुए लगातार दूसरी जीत दर्ज की जबकि चेन्नई की यह लगातार दूसरी हार थी। पंजाब के शीर्षक्रम के बल्लेबाजों ने विशाल लक्ष्य के बावजूद संयम के साथ बल्लेबाजी करते हुए अच्छी शुरूआत दी। प्रियांश आर्य ने 11 गेंद में 39, प्रभसिमरन सिंह ने 34 गेंद में 43 और कूपर कोनोली ने 22 गेंद में 36 रन बनाये। आर्य ने चेन्नई के गेंदबाजों को दबाव में ला दिया। खलील अहमद को उन्होंने एक चौका और एक छक्का लगाया जबकि मैट हेनरी को उनके पहले ही ओवर में दो चौके और एक छक्का लगाकर 20 रन निकाले। आर्य और प्रभसिमरन ने सिर्फ 4.2 ओवर में 61 रन की साझेदारी की। वहीं कप्तान श्रेयस ने धीमी शुरूआत करने के बाद हाथ खोलने शुरू किये। उन्होंने स्पिनरों की जमकर धुनाई की और लेग स्पिनर राहुल चाहर को शानदार छक्का लगाया। श्रेयस ने अंशुल कम्बोज को चौका लगाकर 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसी गेंदबाज की गेंद पर विकेट गंवा बैठे। अगले ओवर में हेनरी ने वढेरा को पवेलियन भेजा लेकिन तब तक पंजाब की जीत औपचारिकता मात्र बची थी। इससे पहले आयुष म्हात्रे के 43 गेंद में 73 रन की मदद से चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी के लिये भेजे जाने पर पांच विकेट पर 209 रन बनाये। संजू सैमसन (सात) के जल्दी आउट होने के बाद म्हात्रे ने कप्तान रूतुराज गायकवाड़ (28) के साथ दूसरे विकेट के लिये 96 रन की साझेदारी की।




### चेन्नई-209/5 (20)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| संजू का प्रभसिमरन बो बार्टलेट | 7 |
| रूतुराज का वढेरा बो चहल | 28 |
| आयुष का चहल बो विशाख | 73 |
| शिवम दुबे नाबाद | 45 |
| कार्तिक पगबाधा बो यानसेन | 01 |
| सरफराज का वढेरा बो विशाख | 32 |
| प्रशांत वीर नाबाद | 6 |

अतिरिक्त : 17 रन

योग : 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन

विकेट पतन : 1-14, 2-110, 3-123, 4-130, 5-168

गेंदबाजी : अर्शदीप 4-0-41-0, बार्टलेट 4-0-48-1, यानसेन 4-0-43-1, विशाख 4-0-38-2, चहल 3-0-21-1, स्टोइनिस 1-0-17-0

### पंजाब-210/5 (18.4)

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| प्रियांश आर्य बो हेनरी | 49 |
| प्रभसिमरन सिंह रन आउट | 43 |
| कूपर का हेनरी बो कम्बोज | 36 |
| श्रेयस का चाहर बो कम्बोज | 50 |
| निहाल का नूर अहमद बो हेनरी | 10 |
| शशांक सिंह नाबाद | 14 |
| मार्कस स्टोइनिस नाबाद | 9 |

अतिरिक्त : नौ रन

योग : 18.4 ओवर में पांच विकेट पर 210 रन

विकेट पतन : 1-61 , 2-95 , 3-127 , 4-186 , 5-186

गेंदबाजी: खलील 3-0-28-0, हेनरी 4-0-54-2, कम्बोज 3.4-0-43-2, नूर 4-0-38-0, चाहर 4-0-46-0

### मुंबई बनाम दिल्ली, टॉप ऑर्डर पर नजर, मैच दोपहर 3:30 बजे से

**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स इंडियन प्रीमियर लीग के सत्र में शनिवार को जब अपने घरेलू मैदान पर पहले मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत मुंबई इंडियंस का सामना करेगा तो सभी की निगाहें उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों पर टिकी होंगी। दिल्ली कैपिटल्स ने पिछले साल पारी की शुरुआत करने के लिए सात जोड़ियों को आजमाया था। उम्मीद की जा रही थी कि इस साल वह इसमें अधिक स्थिरता लाएगा लेकिन शुरुआती संकेतों से पता चलता है कि समस्या अब भी बनी हुई है। दिल्ली कैपिटल्स पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 142 रन का पीछा करते हुए अच्छी शुरुआत नहीं कर पाया था। अपने पहले आईपीएल खिताब की तलाश में जुटी कैपिटल्स की टीम शीर्ष क्रम में अधिक स्थिरता देखने के लिए उत्सुक होगी।

### राजस्थान और गुजरात के बीच मुकाबला आज

**अहमदाबाद।** कैगिसो रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा और मोहम्मद सिराज की मौजूदगी वाला तेज गेंदबाजी आक्रमण देखने में तो काफी खतरनाक लगता है, लेकिन शनिवार को राजस्थान रॉयल्स और गुजरात टाइटंस के बीच होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की मैच में बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर 'वंडर ब्वाय' वैभव सूर्यवंशी के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। सूर्यवंशी शनिवार को नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में एक बार फिर से आक्रामक रुख अपनाने की कोशिश करेंगे, लेकिन गुजरात टाइटंस का गेंदबाजी आक्रमण काफी मजबूत है।

## शतरंज

# 11 साल की बोधना बनीं इंग्लैंड की शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी...



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय मूल की शतरंज खिलाड़ी बोधना शिवानंदन अंतरराष्ट्रीय शतरंज महासंघ (फिडे) की नवीनतम रेटिंग सूची के अनुसार इंग्लैंड की शीर्ष महिला खिलाड़ी बन गई हैं।

इस 11 वर्षीय खिलाड़ी के माता-पिता 2007 में तमिलनाडु के तिरुचिरापल्ली से इंग्लैंड चले गए थे। उनके अभी 2366 रेटिंग अंक हैं। उत्तरी लंदन में रहने वाली प्राथमिक विद्यालय की छात्रा बोधना ने फिडे की सूची में चार बार की ब्रिटिश महिला चैंपियन 25 वर्षीय लैन याओ को पीछे छोड़कर इंग्लैंड के खिलाड़ियों में शीर्ष स्थान हासिल किया। इसके साथ ही वह पहली बार विश्व की शीर्ष 100 महिला खिलाड़ियों में भी शामिल हो गई हैं। वह अभी 72वें स्थान पर काबिज हैं। इंग्लैंड के शतरंज महासंघ ने यह जानकारी दी।

### हैरो की स्कूली छात्रा की बड़ी उपलब्धि

विज्ञप्ति के अनुसार, ' यह हैरो की एक स्कूली छात्रा के लिए बड़ी उपलब्धि है, जिन्होंने (2020 के कोविड19) लॉकडाउन के दौरान उस बैग में शतरंज का बोर्ड और सेट मिलने के बाद इस खेल को अपनाया, जिसे उसके पिता फेंकना चाह रह थे।' भारतीय मूल के पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने शिवानंदन को बधाई दी और उस समय को याद किया जब उन्होंने अपने सरकारी आवास पर उनके साथ एक मैच खेला था। सुनक ने एक्स पर पोस्ट किया, 'केवल 11 साल की उम्र में इंग्लैंड की शीर्ष महिला शतरंज खिलाड़ी बनने पर बोधना शिवानंदन को बहुत-बहुत बधाई। हम एक बार डाउनिंग स्ट्रीट गार्डन में एक-दूसरे के खिलाफ खेले थे। उनकी सफलता कोई हैरानी की बात नहीं है।'

# महिला चैंपियंस लीग : बार्सिलोना ने रियाल मैड्रिड पर दागे 6 गोल, आठवीं बार सेमीफाइनल में एंट्री

एजेंसी ▶▶| बार्सिलोना



बार्सिलोना ने एक बार फिर दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छह गोल दागकर अपने चिर प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड को 6-0 से हराया और महिला चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में लगातार आठवीं बार सेमीफाइनल में जगह बनाकर नया रिकॉर्ड बनाया। बार्सिलोना ने क्वार्टर फाइनल का पहला चरण 6-2 से जीता था।

इस तरह से उसने कुल मिलाकर 12-2 के बड़े अंतर से जीत दर्ज करके सेमीफाइनल में प्रवेश किया। तीन बार की चैंपियन टीम बार्सिलोना की तरफ से दूसरे चरण में कैरोलिन ग्राहम हैनसेन ने दो गोल जबकि एलेक्सिया पुटेलस, इरेन पारेडेस, ईवा पजोर और एस्मी ब्रुग्ट्स ने एक-एक गोल किया। बार्सिलोना सेमीफाइनल में बायर्न म्यूनिख का सामना करेगा। क्वार्टर फाइनल के एक अन्य मुकाबले में ओलंपिक लियोनेस ने को वोल्फ्सबर्ग को 4-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला मौजूदा चैंपियन आर्सेनल से होगा। वोल्फ्सबर्ग पहले चरण के बाद 1-0 से आगे था। इस तरह से लियोनेस ने कुल 4-1 से जीत दर्ज की।

# एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिपः निकहत जरीन प्रिया और प्रीति पवार ने पदक पक्का किया

रोहतक

■ यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में चल रही

एशियन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में देश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। निकहत जरीन, प्रिया और प्रीति पवार ने के सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। शुक्रवार को खेले गए मुकाबलों में भारत के खिलाड़ियों ने तीन पदक पक्के कर लिए है। यह प्रतियोगिता मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित की जा रही है। महिलाओं के 51 किलोग्राम वर्ग के क्वार्टरफाइनल में निकहत का दबदबा रहा और उन्होंने फिलीपींस की शियान बागहिन को पहले ही राउंड में रेफरी द्वारा मुकाबले को रोके जाने के आदेश से हराकर शानदार जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में निकहत का मुकाबला चीन की वू यू से होगा, जिन्होंने 2024 ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था।60 किलोग्राम वर्ग में, प्रिया ने संयम और परिपक्वता का परिचय देते हुए चीन की चेंग्यू यांग को 4-1 से हराया। सेमीफाइनल में प्रिया का मुकाबला मंगोलिया की नामुन मोनखोर से होगा। 54 किलोग्राम वर्ग में, विश्व मुक्केबाजी कप फाइनल में स्वर्ण पदक विजेता प्रीति ने पांचवें दिन के सबसे शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति ने मंगोलिया की मुंगुन त्सेत्सेग को 5-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में प्रीति का मुकाबला इम ऐजी के साथ होगा। हरियाणा बॉक्सिंग संघ अध्यक्ष मेजर सत्यपाल सिंधु ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी। उन्होंने आगे भी शानदार प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया।इससे पहले टूर्नामेंट में, विश्वनाथ सुरेश (पुरुष 50 किलोग्राम) और सचिन (पुरुष 60 किलोग्राम) ने एशियाई मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2026 में अपने-अपने शुरुआती दौर के मुकाबले जीते थे। दीपक ने टूर्नामेंट में पहले पुरुषों के 70 किलोग्राम वर्ग में अपना पहला दौर का मुकाबला जीता था, क्वार्टर फाइनल में जॉर्डन के जियाद ईशाश से 4-1 से हारने के बाद प्रतियोगिता से बाहर हो गए।

■ भारत ने महाद्वीपीय चैंपियनशिप के लिए 20 सदस्यीय टीम भेजी



## अरामको चैंपियनशिप

# अदिति का सर्वश्रेष्ठ, 58वें स्थान पर पहुंची

एजेंसी ▶▶| लास वेगास



अदिति अशोक ने भारतीय खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया और वह अरामको चैंपियनशिप गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर के बाद संयुक्त 58वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में दो ओवर 72 का स्कोर बनाया। भारत की अन्य खिलाड़ियों में अवनि प्रशांत, दीक्षा डागर और प्रणवी उर्स अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई।

अवनी और दीक्षा तीन ओवर 75 का कार्ड खेलकर संयुक्त 71वें स्थान पर, जबकि प्रणवी चार ओवर 76 के स्कोर के साथ संयुक्त 90वें स्थान पर हैं। कट दो ओवर पार पर निर्धारित किया गया है। इससे अदिति मुश्किल में पड़ गई हैं जबकि अन्य भारतीय खिलाड़ियों पर दूसरे दौर के बाद बाहर होने का खतरा मंडरा रहा है। पहले दौर के बाद जापान की मियू यामाशिता और नासा हाटाओका तथा अमेरिका की लॉरेन कॉफलिन संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। इन तीनों ने पांच अंडर 67 का स्कोर बनाया।

## टेक्सास ओपन

# येल्लामाराजू की अंडर 69 स्कोर से शुरुआत

एजेंसी ▶▶| सैन एंटोनियो



भारत में जन्मे कनाडाई गोल्फर सुदर्शन येल्लामाराजू ने वैलेरो टेक्सास ओपन में तीन अंडर 69 के स्कोर के साथ शुरुआत की और वह पहले दौर के बाद संयुक्त 31वें स्थान पर हैं।

पहले दौर के बाद मार्क हबर्ड शीर्ष पर काबिज थे। उन्होंने सात अंडर 65 का स्कोर बनाया। हबर्ड ने चौथे होल में बोगी की लेकिन इसके बाद उन्होंने आठ बर्डी लगाकर दिन का अच्छा समापन किया।

येल्लामाराजू ने 10वें, 11वें और 12वें होल में लगातार तीन बर्डी लगाकर शुरुआत की, लेकिन 15वें और 18वें होल पर वह बोगी कर बैठे। उन्होंने 17वें होल में एक और बर्डी हासिल की। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने पहले 9 होल की शुरुआत दो बर्डी से की, लेकिन पांचवें और सातवें होल पर शॉट गंवा दिए। उन्होंने नौवें होल पर बर्डी के साथ पहले दौर का समापन किया।

## इंटरनेशनल सीरीज जापान

# करणदीप दूसरे स्थान पर, जीव को कट हासिल

एजेंसी ▶▶| चीबा



भारतीय गोल्फर करणदीप कोचर ने 20 लाख डॉलर की पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज जापान में लगातार दूसरा बोगी मुक्त दौर खेला, जिससे वह दूसरे दौर के बाद संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर बने हुए हैं। कोचर (67-65) छह-अंडर 65 के कार्ड से पार-71 कोर्स पर 10-अंडर के कुल स्कोर पर हैं।

कट में जगह बनाने वाले एकमात्र अन्य भारतीय गोल्फर जीव मिल्खा सिंह (72-69) हैं, जिन्होंने 17वें होल पर बर्डी लगाकर एक-अंडर पर कट में जगह बनाई। कोचर ने पहले दिन तीन बर्डी लगाई थीं और कोई बोगी नहीं की थी। उन्होंने दूसरे दौर में भी कोई बोगी नहीं की और पांच बर्डी लगाई। वह जापान के शुगो इमाहारा (67-65) के साथ दूसरे स्थान पर हैं और कोरिया के होंगटेक किम (64-67) से एक स्थान पीछे हैं।

भाजपा ने असम चुनाव फतह करने के लिए झोंकी पूरी ताकत, तीन शीर्ष नेता पहुंचे

# शाह ने राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने यूसीसी लाने का किया वादा, इसे देश और राज्य के लिए बताया हितकर, योगी ने भी ललकारा

एजेंसी ▶▶ गोलपाड़ा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के लागू होने से कथित घुसपैठियों की बढ़ती आबादी पर रोक लगेगी और वे 4 शादियां भी नहीं कर पाएंगे। शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा की सरकार राज्य से घुसपैठ की समस्या खत्म करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। सरकार जनजातीय विकास के लिए एक ठोस रोडमैप पर काम कर रही है। दुधनोई में चुनावी रैली में गृह मंत्री शाह ने कहा कि यूनिफॉर्म सिविल कोड लागू होने के बाद घुसपैठियों के लिए चार शादियां करना संभव नहीं रहेगा, साथ ही उन्होंने दावा किया कि यूसीसी से जनसंख्या असंतुलन की समस्या को भी नियंत्रित किया जा सकेगा। शाह ने कहा कि यह कदम देश और राज्य दोनों के हित में है।

शाह ने असम के गोलपाड़ा जिले में चुनावी रैली में कहा- बढ़ती आबादी पर लगेगी रोक और 4 शादियां भी नहीं कर सकेंगे लोग

## शाह ने गोलपाड़ा जिले में की चुनावी रैली



जनसभा को संबोधित करते केंद्रीय गृहमंत्री शाह

### यूसीसी के दायरे से बाहर रहेंगे

शाह ने यह भी साफ किया कि जनजातीय क्षेत्रों को यूनिफॉर्म सिविल कोड के दायरे से बाहर रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा जनजातीय समाज की परंपराओं और अधिकारों का सम्मान करती है। पार्टी का उद्देश्य विकास के साथ सामाजिक संतुलन बनाना है।

### जनजातीय विकास के लिए रोडमैप तैयार

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने मिलकर जनजातीय विकास के लिए एक व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना को तभी लागू किया जा सकेगा, जब राज्य में भाजपा की सरकार दोबारा बने। शाह ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील करते हुए कहा कि इससे विकास की योजनाएं आगे बढ़ेंगी।

## हेलिकॉप्टर में आई तकनीकी खराबी, धुबरी रैली को रद्द किया

शाह के हेलीकॉप्टर में तकनीकी खराबी के कारण असम के धुबरी जिले के गोलकगंज में शुक्रवार को होने वाली पहली चुनावी रैली रद्द कर दी गई। पार्टी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शाह गुवाहाटी से गोलकगंज के लिए रवाना हुए थे लेकिन उनका हेलीकॉप्टर उतर नहीं सका, जिसके कारण रैली रद्द कर दी गई।

### यूसीसी पर कांग्रेस फैला रही अफवाह

शाह ने कहा कि कांग्रेस आदिवासियों को डराने के लिए अफवाहें फैला रही है कि वे यूसीसी से प्रभावित होंगे। लेकिन यह बिल्कुल झूठ है और कोई भी आदिवासी इसके दायरे में नहीं आएगा। प्रधानमंत्री ने संस्कृति को बचाया।

### कांग्रेस ने असम को घुसपैठियों का अड्डा बनाया

शाह ने कहा कि घुसपैठियों ने आदिवासी महिलाओं से शादी करके गारो परिषद में सत्ता हथियाने की कोशिश की और इसी वजह से यह संघर्ष शुरू हुआ। शाह ने कांग्रेस पर असम को घुसपैठियों का 'अड्डा' बनाने का आरोप लगाया। भाजपा ने उन्हें भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

असम में गरजे मुख्यमंत्री योगी



### लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे

**बारपेटा।** उत्तर प्रदेश के सीएम योगी ने असम के बारपेटा में जनसभा से चुनावी रण की हुंकार भरी। असम को लव जिहाद और लैंड जिहाद की धरती नहीं बनने देंगे। पारंपरिक रूप में दिखे।

तमिलनाडु चुनाव

### 27 भाजपा प्रत्याशियों की सूची जारी, पूर्व राज्यपाल भी शामिल



**चेन्नई।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा ने शुक्रवार को 27 उम्मीदवारों की सूची जारी की। पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन को टिकट दिया है। डॉ. एल मुरुगन को भाजपा ने टिकट दिया है। पर, अन्नामलाई का नाम शामिल नहीं है।

तमिलनाडु का सियासी रण

### कांग्रेस ने जारी की 27 नामों की सूची प्रदेश अध्यक्ष श्रीपेरंबुदूर मैदान में



**चेन्नई।** तमिलनाडु चुनाव में कांग्रेस ने भी सूबे में अपने 27 उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इस लिस्ट में सबसे बड़ा नाम तमिलनाडु प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वपेरुन्थागाई का है।

ममता का भाजपा पर आरोप

### मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सोची समझी साजिश थी



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने भाजपा पर गंभीर आरोप लगाए। मालदा में हाल ही में हुई घटना एक सुनियोजित साजिश थी।

हिंसा रोकने ईसी का कदम

### केंद्रीय पुलिस बल की 500 कंपनियां रहेंगी तैनात



GYANESH KUMAR

बंगाल में चुनाव आयोग ने बड़ा फैसला लिया है। वोटिंग पूरी होने के बाद भी कानून और व्यवस्था बनाने 500 कंपनियां लगाई है।

पुडुचेरी पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

## लंबे रोड शो में लोगों का उत्साह दिखा



पुडुचेरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यहां चुनाव से पहले शहर में रोडशो शुरू किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने 'भारत माता की जय' और 'जय श्री राम' के नारे लगाकर उनका जोरदार स्वागत किया।मुख्यमंत्री एन. रंगासामी और गृह मंत्री ए. नमसिवायम के साथ प्रधानमंत्री ने अजंता सिग्नल पॉइंट के पास अपने रोडशो की शुरुआत की, जो 2 किलोमीटर से कुछ कम दूरी पर स्थित कामराजर स्टैच्यू/राजा थिएटर सिग्नल के पास समाप्त हुआ।

## *खाड़ी युद्ध का असर केरलम की कम अंतर वाली सीटों पर भी*

ईरान के साथ अमेरिका और इजराइल की चल रही जंग का सियासी असर केरलम चुनाव वोटिंग पर पड़ सकता है। इसके चलते कई सीटों सियासी उल्टफेर हो सकता है, क्योंकि मलयाली के लोग बड़ी संख्या में गल्फ में रहते हैं और जंग के चलते इस बार मतदान करने नहीं आ पा रहे हैं। दुबई, कतर, सउदी अरब, बहरीन सहित सभी खाड़ी देशों में बड़ी तादाद में मलयाली लोग हेल्थ और सर्विस सेक्टर में काम करते हैं। आम तौर पर मलयाली वोटर चुनाव के दौरान केरल आकर मतदान करते हैं। ईरान के साथ चल रही जंग के चलते फिलहाल फ्लाइट के मंहगे टिकट और जॉब पर गहराते संकट के चलते गल्फ में रहने वाले मलियाली वोटरों का इस बार आना मुश्किल है जिससे राज्य की कम अंतर से हार जीत वाली सीटों का गेम बदल सकता है।



केरल पर केंद्रीय मंत्री रिजिजू ने कहा

## कांग्रेस, लेफ्ट ने लोगों को बेवकूफ और मुस्लिमों को वोट बैंक बनाया



केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने शुक्रवार को सीपीआईएम के नेतृत्व वाले एलडीएफ और कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूडीएफ दोनों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने जोर देकर कहा कि पहली बार, कांग्रेस और कम्युनिस्ट, दोनों ही आम लोगों के सामने बेनकाब हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन पार्टियों ने राज्य के लोगों को बेवकूफ बनाया। भाजपा और एनडीए ने केरल के भविष्य के लिए एक स्पष्ट नीति पेश की है। कांग्रेस और कम्युनिस्ट, विदेशी अंशदान (विनियमन) अधिनियम के बारे में जनता को गुमराह कर रहे हैं।

---

## खबर संक्षेप

### दरभंगा में दिनदहाड़े 2 करोड़ की ज्वेलरी लूटी



**दरभंगा।** यहां के नगर थाना क्षेत्र स्थित बड़ा बाजार में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक बड़ी लूट की वारदात सामने आई है। बाइक सवार चार अपराधियों ने 'प्रेम ज्वेलर्स' नामक दुकान को निशाना बनाते हुए करीब 2 करोड़ रुपये मूल्य के गहनों के साथ लगभग 20 लाख रुपए नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और व्यापारियों में दहशत का माहौल बन गया। पुलिस इनकी तलाश कर रही है।

### महाराष्ट्र में 40 किमी लंबा महाजाम, जिंदगी थमी



**धाराशिव।** महाराष्ट्र के धाराशिव जिले में इन दिनों आस्था का ऐसा सैलाब उमड़ रहा है कि सड़कें छोटी पड़ गई हैं। मराठवाड़ा क्षेत्र की कुलदेवी मां येडेश्वरी के दर्शनों के लिए 15 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने से सोलापुर-धुले हाईवे पर हालात बेकाबू हो गए। करीब 40 किलोमीटर लंबा महाजाम लग गया है। महाराष्ट्र के इस प्रमुख हाइवे पर लगे ट्रैफिक जाम के चौंकाने वाले ड्रोन वीडियो सामने आए हैं। हाइवे पर वाहनों की अंतहीन कतारें लगी हुई थीं।

होर्मुज संकट पर सतापक्ष और विपक्ष में वार-पलटवार तेज

# थरूर व तिवारी के बाद शर्मा ने किया केंद्र की नीतियों का समर्थन, सियासी चश्मे से न देखें

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। उन्होंने देश के हित को सबसे ऊपर कहा

## कहा- संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बने तनाव के बीच कांग्रेस के भीतर एक और ऐसा बयान सामने आया है, जिसने पार्टी की राजनीतिक लाइन पर नई चर्चा छेड़ दी है। शशि थरूर और मनीष तिवारी के बाद अब कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने भी भारत सरकार की कूटनीतिक नीति का खुलकर समर्थन किया है। शर्मा ने कहा कि इस संकट के समय भारत के राजनयिक, दूतावास और अधिकारी बहुत मेहनत से काम कर रहे हैं और उनकी कोशिशों को राजनीतिक नजर से नहीं देखना चाहिए। इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर दलगत राजनीति करना देशहित के खिलाफ होगा। शर्मा ने कहा भारत ने होर्मुज संकट को अब तक संतुलित और समझदारी भरे तरीके से संभाला है। भारत उन गिने-चुने देशों में है, जहां सबसे अधिक जहाज या तो सुरक्षित निकल पाए हैं या उन्हें भारत की ओर मोड़ दिया गया है। अब तक भारतीय प्रवासी पूरी तरह सुरक्षित हैं। शर्मा ने कहा कि ऐसे संकट में देश के भीतर राष्ट्रीय सहमति और एकजुटता जरूरी होती है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन जब देश, विदेशों में काम कर रहे अधिकारियों की बात हो, तो एक सुर में बोलना चाहिए।

■ सरकार की कूटनीतिक नीति को सराहा



आनंद शर्मा



शशि थरूर



मनीष तिवारी

### सरकार लोगों के लिए काम कर रही

शर्मा के बयान में सरकार के रुख की साफ सराहना दिखी। उन्होंने कहा कि भारत के राजनयिक तिरंगे को ऊंचा रखे हुए हैं और वे देश के लोगों के लिए काम कर रहे हैं। ऐसे में उनका हौसला बढ़ाया जाना चाहिए। शर्मा ने कहा कि भारत इस संकट में न किसी एक तरफ झुका है और न ही किसी के दबाव में आया है। उन्होंने इसे कुशल कूटनीति बताया। उनका कहना था कि यही वजह है कि भारत अब तक अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित कर पाया है। इस समय सबसे बड़ी जिम्मेदारी है कि भारत की साख भी बनी रहे।

### पार्टी की वर्किंग कमेटी की बैठक हो

शर्मा से जब यह पूछा गया कि क्या उनका बयान कांग्रेस की तय लाइन से अलग है, तो उन्होंने उलटा सवाल किया कि आखिर पार्टी लाइन है क्या? उन्होंने कहा कि किसी एक व्यक्ति के बयान को पार्टी लाइन नहीं माना जा सकता। शर्मा ने सुझाव दिया कि कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक हो। और वहीं चर्चा के बाद पार्टी का आधिकारिक रुख तय होना चाहिए।

### राष्ट्रीय एकता को सर्वोपरि बताया

शर्मा के बयान का सबसे बड़ा संदेश यही रहा कि इस संकट में भारत की पहली चिंता अपने नागरिकों, प्रवासियों और समुद्री हितों की सुरक्षा है। उन्होंने कहा कि भारत का संतुलित रुख इसलिए जरूरी है, क्योंकि उसे किसी खेमे में खड़े होने के बजाय अपने राष्ट्रीय हित को देखना है। यही कारण है कि उन्होंने राजनीतिक बहस से ऊपर उठकर राष्ट्रीय एकता की बात की। उनके बयान ने दिखाया कि कांग्रेस के भीतर ऐसे नेता मौजूद हैं, जो विदेश नीति जैसे मामलों में सरकार के अच्छे कदमों को स्वीकार करने में हिचक नहीं रखते। शर्मा का बयान यही दिखाता है।

### *सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी*

शर्मा ने यह भी कहा कि सरकार ने ऑल पार्टी मीटिंग की है, लेकिन इसे और मजबूत बनाने की जरूरत है। यह संवाद एक बार की औपचारिकता बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे लगातार जारी रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय हित में सरकार और विपक्ष के बीच भरोसे का माहौल जरूरी है। ऐसे संकट में देश को एकजुट दिखना चाहिए। शर्मा ने यह भी साफ किया कि सरकार के पास ज्यादा जानकारी होती है, क्योंकि वही अंतरराष्ट्रीय नेताओं और दूसरे देशों के साथ सीधे संपर्क में होती है। इसलिए कुछ फैसले वही बेहतर तरीके से ले सकती है।

अब खुद तय करेगी पाठ्यक्रम

# एनसीईआरटी को मिला डीम्ड यूनिवर्सिटी का दर्जा

नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) की सलाह पर राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) को 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' का दर्जा दे दिया है। इससे अब एनसीईआरटी को विश्वविद्यालय की तरह काम करने की आजादी मिलेगी। इस फैसले के साथ ही एनसीईआरटी की भूमिका अब केवल स्कूलों के लिए पाठ्यक्रम और किताबें तैयार करने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह उच्च शिक्षा के क्षेत्र में भी सक्रिय भूमिका निभा सकेगी। यानी एनसीईआरटी अब डिप्लोमा, अंडरग्रेजुएट (यूजी), पोस्टग्रेजुएट (पीजी), डॉक्टरेट और स्पेशलाइज़्ड प्रोग्राम ऑफर कर सकेगी।



### घटक इकाई

एनसीईआरटी, अपने छह घटक इकाइयों के साथ,एक 'डीम्ड यूनिवर्सिटी' होगा। यानी ये फैसला दिल्ली स्थित एनसीईआरटी मुख्यालय के साथ-साथ इसके छह घटक संस्थानों पर भी लागू होगा। इनमें अजमेर (राजस्थान), भोपाल (मध्य प्रदेश), भुवनेश्वर (ओडिशा), मैसूर (कर्नाटक), शिलांग (मेघालय) और भोपाल का पंडित सुंदरलाल शर्मा व्यावसायिक शिक्षा संस्थान शामिल हैं।

## *इतिहास के पेपर में क्यूआर कोड स्कैन करते ही दिखा रॉक बैंड, बोर्ड ने कहा-शरारत!*

रायपुर

सीबीएसई ने 12वीं के गणित के पेपर में दिए गए क्यूआर कोड को स्कैन करने पर एक फेमस रॉक बैंड का वीडियो वायरल हुआ था। अब 30 मार्च को हुए सीबीएसई 12वीं कक्षा के इतिहास के पेपर में दिया गया क्यूआर कोड एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के पेज पर ले गया। इसके बाद केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने इस संबंध में एडवाइजरी जारी की है। सीबीएसई ने एक स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है, वेब पर दिखने वाले नतीजे एल्गोरिदम-आधारित सर्च आउटपुट हैं और इनका सीबीएसई या उसकी परीक्षा प्रक्रिया से कोई लेना-देना नहीं है। सीबीएसई ने सोशल मीडिया पर चल रही इस चर्चा को शरारतपूर्ण दुष्प्रचार करार दिया है। एडवाइजरी में कहा गया है, कुछ तत्व जानबूझकर इन असंबंधित सर्च नतीजों को गलत पेश कर रहे हैं, ताकि सीबीएसई की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। इसमें आगे कहा गया है कि क्यूआर कोड को असंबंधित व्यक्तियों या सामग्री से जोड़ना तथ्यात्मक रूप से गलत और भ्रामक है।



जयराम बोले- नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधन का उद्देश्य तमिलनाडु व बंगाल के चुनावों को प्रभावित करना

# कांग्रेस का आरोप- संसद का विशेष सत्र आहूत करना चुनाव आचार संहिता का खुला उल्लंघन

| नई दिल्ली

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने मोदी सरकार द्वारा 16 अप्रैल से बुलाए गए संसद के विशेष सत्र को आचार संहिता का खुला उल्लंघन करार देते हुए कहा है कि इसका उद्देश्य तमिलनाडु व पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनावों को प्रभावित करना है।संसदीय सत्र में परिसीमन के लिए भी संविधान संशोधन लाने के समाचारों पर जयराम ने कहा कि परिसीमन जैसे संवेदनशील मुद्दे पर जल्दबाजी नहीं की जानी चाहिए और इस प्रस्ताव पर व्यापक विचार-विमर्श की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जल्दबाजी से दक्षिण भारत, उत्तर-पश्चिमी भारत और उत्तर-पूर्वी भारत के राज्यों सहित कई राज्यों को नुकसान होगा और उनका राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा।

कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता करते हुए जयराम ने कहा कि महिला आरक्षण कानून में संशोधन का एकमात्र उद्देश्य विधानसभा चुनावों में लाभ लेना और प्रधानमंत्री द्वारा दोबारा इसका श्रेय बटोरना है। सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए जयराम ने कहा कि कांग्रेस का मानना है कि महिला आरक्षण 2024 के आम चुनाव से ही लागू होना चाहिए था। अगर सरकार का 2029 के चुनाव से इसे लागू होने का इरादा है तो कांग्रेस इसका समर्थन करती है। चुनाव को देखते हुए यह संसद सत्र 29 अप्रैल के बाद बुलाया जा सकता था। परिसीमन के प्रस्ताव पर जल्दबाजी नहीं, बल्कि व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए। उन्होंने याद दिलाया कि 2023 में पास हुए महिला आरक्षण अधिनियम में स्पष्ट रूप से उल्लेख था कि परिसीमन और जनगणना के बाद ही इसे लागू किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष ने उस समय भी मांग की थी कि इसे 2024 के आम चुनावों से ही लागू किया जाए, लेकिन सरकार नहीं मानी थी। जयराम ने कहा कि अब लगभग 30 महीने बाद जागने पर मोदी सरकार कह रही है कि जनगणना के नतीजे में तीन-चार साल लगेंगे, इसीलिए अभी संशोधन जरूरी है, ताकि 2029 के चुनाव से यह लागू हो जाए। सरकार के इस दावे को खारिज करते हुए उन्होंने रजिस्ट्रार जनरल और जनगणना आयुक्त का वीडियो दिखाया, जिसमें उन्होंने बताया कि 2027 में ही जनगणना के आंकड़े उपलब्ध हो जाएंगे। अगले सप्ताह कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पार्टी सांसदों और अन्य विपक्षी दलों के साथ बैठक करेंगे, ताकि इस विशेष सत्र के लिए साझा रणनीति तैयार की जा सके।

रमेश ने खुलासा किया कि किरेन रिजिजू के पत्रों में केवल महिला आरक्षण कानून में संशोधन की बात थी, लेकिन अब संकेत मिल रहे हैं कि सरकार इस विशेष सत्र में परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन को भी लाने की योजना बना रही है। उन्हें अनौपचारिक तौर पर पता चला है कि सरकार संविधान के अनुच्छेद 81 और अनुच्छेद 82 में संशोधन करना चाहती है। इस प्रस्ताव के तहत लोकसभा और विधानसभाओं की सीटों में भले ही 50 प्रतिशत समानुपातिक वृद्धि होगी की बात कही जा रही है, लेकिन इससे केरलम, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, पंजाब, हरियाणा, असम और अन्य उत्तर-पूर्वी राज्यों का राजनीतिक प्रतिनिधित्व कम हो जाएगा। उन्होंने कहा-यदि केरलम की लोकसभा सीटें 20 से बढ़कर 30 और यूपी की सीटें 80 से बढ़कर 120 होती हैं, तो दोनों के बीच का अंतर 60 से बढ़कर 90 हो जाएगा। रमेश ने बताया किकांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को पत्र लिखकर नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में संशोधन पर चर्चा की इच्छा जताई थी। खरगे ने कहा कि सरकार को सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए। 24 मार्च को सभी विपक्षी दलों ने भी सर्वसम्मति से 29 अप्रैल के बाद सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की।

मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी आरपी न्यूज़ नेटवर्क प्राईवेट लिमिटेड के लिये श्रीराम ऑफसेट, 14, शॉपिंग सेंटर, ज़ोरावरसिंह गेट के बाहर, आमेर रोड, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय: 4312, मोहल्ला नायकान, नाहरवाड़ा, जगन्नाथ शाह का रास्ता, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। पीआरबी एक्ट के अनुसार खबरों के चयन के लिए उत्तरदायित्व संपादक मुन्ना खान मोबाइल नंबर 9772552446, 8058969180 ई-मेल: rpnewsnetworkpvt.ltd@gmail.com